दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 146 जयपुर, सोमवार, 06 मई, 2024 | वैशाख, कृष्ण पक्ष- त्रयोदशी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### सीमा पर तैनात बीएसएफ के जवान ने की खुदकुशी



**जयपुर।** जैसलमेर में भारत-पाकिस्तान सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक जवान ने रविवार को फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। सूचना पर बीएसएफ के अधिकारी और तनोट थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घटना जैसलमेर से करीब 140 किलोमीटर दूर बबलीयानवाला पोस्ट की है। तनोट थाना पुलिस ने बताया कि दोरांग-आसाम निवासी मुकंदा डेका (57) बीएसएफ में कांस्टेबल के पद पर बबलीयानवाला पोस्ट पर तैनात थे। जवान ने सीमा चौकी में पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। रविवार सुबह डेका को फंदे से लटकते देख जवानों ने बीएसएफ के अधिकारियों को बताया।

### IPL: चेन्नई ने पंजाब और KKR ने LSJ को हराया



**नई दिल्ली।** आईपीएल में रविवार को दो मैच खेले गए। इनमें पंजाब किंग्स को चेन्नई ने और लखनऊ को कोलकाता ने शिकस्त दी। पहला मुकाबला धर्मशाला में खेला गया, जिसमें पंजाब के कप्तान सैम करन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई ने 20 ओवर में नौ विकेट पर 167 रन बनाए। जवाब में पंजाब की टीम 20 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 139 रन ही बना सकी। उधर, लखनऊ में कोलकाता नाइट राइडर्स ने मेजबान लखनऊ सुपर जायंट्स को 98 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ कोलकाता की टीम पॉइंट्स टेबल में पहले स्थान पर पहुंच गई है। आईपीएल 2024 के 54वें मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 235 रन बनाए, इसके जवाब में लखनऊ की टीम 16.1 ओवर में 137 रन ही बना सकी।

**मौसम: इस सप्ताह दिखाएगी गर्मी तेवर... तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना**

# कल से दिन गर्म रहने के साथ 9 जिलों में हीटवेव का अलर्ट

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में भले ही मौसम ने अभी तक गर्मी के तेवर नही दिखाये हो लेकिन अब इस सप्ताह तेज गर्मी पड़ने के आसार है। मौसम विभाग की मानें तो इस सप्ताह प्रदेश के कुछ जिलों में हीटवेव चलने की संभावना है। मौसम केंद्र ने 7-8 मई को दिन गर्म रहने के साथ 9 जिलों में हीटवेव चलने का अलर्ट दिया है। प्रदेश के जिलों में दिन का तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राज्य में अगले तीन दिन मौसम शुष्क रहेगा। पश्चिम से आने वाली गर्म हवा से राजस्थान में तापमान बढ़ेगा। जो 44 से 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। इसी प्रकार 7-9 मई के दौरान जोधपुर तथा बीकानेर संभाग में कुछ स्थानों पर ऊष्णलहर/लू चलने की संभावना है। 7 मई को प्रदेश के जोधपुर, बीकानेर संभाग में कहीं कहीं हीटवेव की संभावना है। 8 मई को जैसलमेर, जोधपुर, बाड़मेर, नागौर, बीकानेर, चूरू, झुंझुनूं, कोटा, बारां जिलों में कहीं-कहीं हीटवेव की संभावना है। गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए आमजन को एहतियात बरतने की अपील के साथ एडवायजरी जारी की गई है।



फोटो: पंकज शर्मा

### यहां सामान्य से ऊपर चढ़ सकता है पारा

मौसम विभाग के अनुसार बाड़मेर, जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर, चूरू, नागौर, झुंझुनूं, कोटा, बारां में तापमान सामान्य से ऊपर जा सकता है। साथ ही इन जिलों में दोपहर में हीटवेव भी चलने की संभावना है। इसे देखते हुए यहां के जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। दूसरी ओर मध्य प्रदेश समेत पूर्वी भारत के जिलों में एक नया वेदर सिस्टम 8 मई से एक्टिव होगा। इस सिस्टम का असर राजस्थान में भी देखने को मिलेगा। राजस्थान के दक्षिण और पूर्वी हिस्सों में 9 मई से मौसम में बदलाव आएगा और यहां आंधी चलने के साथ कई जगह बादल छाएंगे। उदयपुर, कोटा, भरतपुर संभाग के कुछ हिस्सों में गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है।


### राजधानी में चिलचिलाती धूप ने किया परेशान

रविवार को राजधानी जयपुर में तेज धूप के चलते लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह 9 बजे बाद धूप ने अपने तेवर दिखाए। दिनभर चिलचिलाती धूप की वजह से लोगों की दिनचर्या पर असर पड़ा। लोग धूप से बचने के लिए छावं तलाशते दिखे। गर्मी से बचाव के लिए शीतल पेय की दुकानों पर चहल पहल रही।

**नगर परिषद का काला कारनामा**



**सवाई माधोपुर में पान की दुकान तोड़ने का मामला**



# मंत्री के सामने उड़ीं कोर्ट के आदेश की धज्जियां

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के कद्दावर कहे जाने वाले नेता की मौजूदगी में सवाईमाधोपुर के बजरिया रोड स्थित नामचीन हवामहल पान भंडार नाम की गोपाल लाल की दुकान को नगर परिषद द्वारा तोड़े जाने को लेकर सवाल खड़े हो गए है। मालूम हो बीते शनिवार को व्यक्तिगत रंजिश के चलते 48 साल पूर्व खुद की ही आवंटित दुकान को नगर परिषद ने तोड़ दिया था। और तो और, कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा भी कार्रवाई के दौरान मौजूद रहे। नियमों को ताक में रखकर दुकान तोड़े जाने को लेकर स्थानीय प्रशासन सवालों के घेरे में हैं। खासकर, लोगों का कहना है कि मंत्री के इशारे पर नगर परिषद के आयुक्त ने बिना नोटिस दिए अवैध कार्रवाई कर डाली। इस कार्रवाई पर यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने भी इस पर नाराजगी जताई थे, लेकिन फिर भी आयुक्त फतेह सिंह मीणा पर कोई एक्शन नहीं हुआ है।

बता दें यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने शनिवार को कहा था कि दोषियों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा। इधर, रविवार को भी मामले को लेकर गहमागहमी बनी रही और चर्चाओं का बाजार भी गर्म रहा। तमाम जानकार इस कार्रवाई को नियमों के खिलाफ बता रहे हैं। नगर परिषद की इस अवैध कार्रवाई के कारण दुकान मालिक का रोजगार तो छिना ही, लाखों रुपए का नुकसान भी हो गया। इस कार्रवाई के दौरान कैबिनेट मंत्री की मौजूदगी को लेकर भी लोग कहने लगे हैं कि मंत्री को ऐसे में एक पक्षीय रवैया नहीं अपनाना चाहिए था।



मंत्री की दबंगगिरी...



अवैध कार्रवाई...

### मंत्री के दबाव में दुकान तोड़ना भारी पड़ सकता है आयुक्त को

**यूडीएच मंत्री के नाराजगी जताने के बावजूद बिना नोटिस हुई कार्रवाई पर प्रशासन मौन्र, परिषद प्रशासन ने मंत्री के कहने पर उड़ाई हाई कोर्ट के आदेश की धज्जियां, पूर्व आयुक्त ने कार्रवाई से कर दिया था मना, अब वर्तमान आयुक्त चला दिया बुलडोजर**

### नगर परिषद आयुक्त की भूमिका पर उपजा रोष

मामले को लेकर रविवार को भी लोगों में गुस्सा व्याप्त रहा। पूरे प्रकरण में नगर परिषद आयुक्त फतेह सिंह की भूमिका को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं। बिना किसी नोटिस के दुकान तोड़ने की कार्रवाई पर स्थानीय दुकानदारों ने भी विरोध जताया। इधर, पीड़ित के परिजनों के अनुसार किसी आपसी रंजिश के चलते उन्होंने (मीणा ने) दुकान ध्वस्त करवा दी। कार्रवाई के बाद पीड़ित के परिजनों ने आयुक्त से संपर्क भी करना चाहा, लेकिन कोई रेंसपांस नही मिला। अब इसे पूरे षड्यंत्र में नगर परिषद के साथ में मंत्री किरोड़ीलाल मीणा की कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे हैं।

### यह है पूरा मामला

वर्ष 1980-81 में नगर पालिका के तत्कालीन अधिकारियों ने दुकान हटाने के लिए गोपाल लाल को नोटिस दिया था। तब गोपाल लाल कोर्ट से स्टे ले लिया। बाद में यह मामला लोक अदालत में चले गया तो कई सालों तक चलता रहा। इसके बाद में नगर पालिका और गोपाललाल शर्मा के बीच में कोर्ट में राजीनाम हुआ था। राजीनामा होने के बाद कोर्ट ने दुकान की डिक्री गोपाल के नाम से कर दी। कोर्ट में हुए राजीनामे के अनुसार कोर्ट ने नगर पालिका को आदेश दिए थे कि उसी स्थान पर वादी को नगर पालिका उसकी स्थान पर पक्की दुकान बनाकर देगी। तब तक वादी उसी स्थान पर और उसी किराए पर केबिन पर व्यवसाय करता रहेगा। नगर पालिका हटवाएगी नहीं। नगर पालिका चार केबिन बनाकर देगी। उसमें से प्रथम केबिन वादी (गोपाललाल) को दिया जाएगा।



दुकानदारों में आक्रोश...

### 48 साल पहले दुकान किराए पर आवंटित

पड़ताल में सामने आया कि बजरिया रोड पर गोपाल लाल शर्मा को दुकान नगर पालिका की नोटिफाई एरिया कमेटी ने किराए पर दी थी। गोपाल लाल 1976 से दुकान का किराया नगर पालिका को चुका रहे हैं। इसके बाद भी अधिकारियों ने बिना किसी नोटिस व जांच पड़ताल किए बगैर दुकान में तोड़फोड़ कर दी।

### पूर्व आयुक्त के फैसले पर बुलडोजर चलाया वर्तमान आयुक्त ने

साल 2007 के तत्कालीन आयुक्त लक्ष्मीनारायण मीणा के फैसले पर वर्तमान आयुक्त फतेह सिंह मीणा ने बुलडोजर चला दिया। लक्ष्मीनारायण के समय में कार्रवाई का दबाव आया था, तब उन्होंने हाई कोर्ट के आदेश और लोक अदालत की डिक्री का हवाला देते हुए कार्रवाई से इनकार कर दिया था।

**बौंली थाना क्षेत्र में बनास पुलिया के पास हुआ हादसा**

# 6 की मौत, 2 बच्चे घायल



### तेज रफ्तार में ट्रैक्टर से भिड़ी कार हुई चकनाचूर, सभी मृतक सीकर के खंडेला के रहने वाले

**बेधड़क** | जयपुर

सवाईमाधोपुर जिले के बौंली क्षेत्र के दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर रविवार अलसुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई तथा 2 बच्चे गंभीर घायल हो गए। सभी मृतक सीकर के खंडेला के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार कार सवार परिवार सीकर के खंडेला से रणथंभौर त्रिनेत्र गणेश मंदिर जा रहा था। रविवार सुबह 8 बजे बौंली (सवाई माधोपुर) थाना क्षेत्र में बनास पुलिया के पास उनकी कार एक ट्रैक्टर से भिड़ गई।

एएसपी दिनेश यादव ने बताया कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। शवों को बमुश्किल निकाला जा सका। हादसे में अनीता पत्नी मनीष शर्मा, संतोष पत्नी गजानंद शर्मा, कैलाश पुत्र रामअवतार शर्मा, पूनम पत्नी सतीश शर्मा, मनीष पुत्र रामावतार शर्मा व सतीश शर्मा की मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं, एक्सीडेंट में घायल दो बच्चों को पहले बौंली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एडमिट कराया गया। इसके बाद इन्हें जयपुर रेफर किया गया। परिवार मूलतः झुंझुनूं के मुकंदगढ़ का रहने वाला है, लेकिन वर्तमान में सीकर के खंडेला में रह रहा था।

### सीसीटीवी फुटेज खंगालेगी पुलिस

घटना की जानकारी के बाद पहुंची बौंली थाना पुलिस ने कार से बड़ी मुश्किल से शवों को बाहर निकलवाया और शवों को मोर्चरी में रखवाया. पुलिस का कहना है कि जिस वाहन से हादसा हुआ, उसकी जानकारी नहीं हो पाई है। पुलिस वहां लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज निकालकर जांच कर रही है। वहीं मृतकों के परिवार को भी सूचित किया गया है जिनके आने के बाद ही सभी मृतकों का पोस्टमार्टम करवा कर शवों को परिजनों को सुपुर्द किया जाएगा।


**मंडे स्पेशल**

# होने वाली थी शादी, जिसे दुल्हन बनना था... वह लड़का निकला

- 18 की उम्र में हुई जांच में भी संदेह लगा, मगर गंभीरता से नहीं लिया
- 27 साल की आयु में शादी से पहले कराई जांच में हुआ पूरा खुलासा
- डॉक्टर ने दुर्लभ बीमारी कंजेनिटल एड्रेनल हाइपरप्लासिया (CAH) से पीड़ित बताया

**एजेंसी** | नई दिल्ली

इस इंसान ने अपनी जिंदगी के 27 साल लड़की बनकर गुजारे. लेकिन जब मेडिकल जांच कराई तो पता चला कि वो लड़का है। शादी से पहले कराई गई मेडिकल जांच में उसके पेट में टेस्टिकल्स का पता चला, जिसका मतलब है कि वो बायोलॉजिकली पुरुष है। ये पुरुषों में पाए जाने वाले दो ओवर आकार के अंग होते हैं। जो मेल हार्मोन और स्पर्म बनाते हैं। मामला चीन का है। यहां के हुबेई प्रांत में रहने वाली ली युआन (बदला हुआ नाम) को कभी भी बाकी लड़कियों की तरह पीरियड्स नहीं हुए, न ही उसके स्तनों का विकास हुआ। उसकी जल्द ही शादी होने वाली थी।



### तब घर वालों ने भी नहीं दिया ध्यान

18 साल की उम्र में वो स्थानीय अस्पताल में अपनी जांच कराने गई थी। तब उसे कहा गया कि वो हार्मोन के असामान्य स्तर और ओवेरियन फेलियर से पीड़ित है। डॉक्टरों ने उसे कुछ और जांच कराने को कहा था, लेकिन ली और उसके परिवार ने इस सलाह को गंभीरता से नहीं लिया, मगर अब ली की शादी होने वाली थी, तभी उसने अपने शरीर की एक बार फिर जांच कराने का फैसला लिया। वहीं इस बार अनुभवी स्त्री रोग विशेषज्ञ डुआन जी ने ली की जांच की।

### अब कर ली सच्चाई स्वीकार

डॉ. डुआन ने बताया कि वो दुर्लभ बीमारी कंजेनिटल एड्रेनल हाइपरप्लासिया (CAH) से पीड़ित है। जांच के परिणामों के लिए एक महीने के इंतजार के बाद डॉक्टर ने जो कहा था, उसकी पुष्टि हुई। उन्होंने कहा कि ली में पुरुष सेक्स क्रोमोसोम्स हैं, लेकिन वह दिखने में महिला जैसी लगती है। डुआन ने कहा, 'सामाजिक रूप से ली एक महिला है, लेकिन क्रोमोसोमली पुरुष है।' जब ली को इस बारे में पता चला तो वो हैरान रह गई। वो पैदा होने के बाद से महिला के तौर पर जिंदगी जी रही थी।

### 50 हजार में से 1 होता है CAH पीड़ित

हर 50,000 में से 1 नवजात बच्चा CAH से पीड़ित होता है. ली के माता-पिता दोनों में जीन से जुड़ी समस्या हैं, इसलिए ली के भी ऐसी ही किसी बीमारी से पीड़ित होने के चांस थे। जांच के नतीजों से पता चला कि शुरुआती इलाज नहीं मिलने के कारण ली को ऑस्टियोपोरोसिस और विटामिन डी की कमी से भी जूझना पड़ रहा है। डॉक्टर ने ली के पेट में मौजूद टेस्टिकल्स को सर्जरी से हटाने का सुझाव दिया था, क्योंकि इससे कैंसर का खतरा अधिक था। 11 अप्रैल को ली की सर्जरी की गई, जिससे टेस्टिकल्स को निकाल दिया गया। अब ली को लंबे वक्त तक हार्मोन थैरेपी लेनी होगी।

## जरूरी खबर

### हनुमान बेनीवाल के खिलाफ भी मामला दर्ज



**बेधड़क.जयपुर।** रविंद्र सिंह भाटी के बाद राजस्थान में अब एक और बड़े नेता हनुमान बेनीवाल के खिलाफ भी केस दर्ज कर लिया गया है। नागौर लोकसभा क्षेत्र के कुचेरा में वोटिंग के दौरान हुई झड़प के बाद हनुमान बेनीवाल वहां पहुंचे थे और भीड़ को संबोधित किया था। ऐसे में उन पर धारा 144 के उल्लंघन का केस दर्ज किया गया है। मामला नागौर में मतदान के दिन कुचेरा में झड़प से जुड़ा है। मतदान के बीच भाजपा प्रत्याशी ज्योति मिर्धा और बेनीवाल के समर्थकों में मारपीट हुइ़र थी।

### WHO की पहल पर मनाया 'वर्ल्ड हैंड हाइजीन डे'

**बेधड़क.जयपुर।** विश्व स्वास्थ्य संगठन की पहल पर जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में वर्ल्ड हैंड हाइजीन डे पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। संस्थान में आने वाले रोगियों, उनके परिजनों और स्वास्थ्य कर्मियों को हाथों की स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करने और गंदे हाथों से होने वाले संक्रामक रोगों को रोकने के लिए बैनर पोस्टर्स के माध्यम से जागरूक किया गया। मरीजों एवं उनके परिजनों को चिकित्सकों, नर्सिंग कर्मियों द्वारा हाथों को अच्छी तरह धोने के लिए सात स्टेप्स को करके दिखाया गया एवं स्वस्थ रहने के लिए हाथों की स्वच्छता से जुड़ी जानकारी दी गई।

### सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ किया प्रदर्शन




**बेधड़क.जयपुर।** कर्नाटक के सेक्स स्कैंडल में फंसे सांसद प्रज्वल रेवन्ना के मामले में अलवर जिला मुख्यालय पर शहर के इंदिरा गांधी स्टेडियम के पीछे स्कीम 8 में जिला महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष कमलेश सैनी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। नगर परिषद की पूर्व सभापति एवं महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष कमलेश सैनी ने बताया कि महिला सुरक्षा की बात करने वाली भाजपा सरकार अपने आरोपी सांसद को बचाने का प्रयास कर रही है। इससे साफ होता है कि भाजपा की कथनी और करनी में कितना अंतर है। ऐसे में बीजेपी सरकार जल्द से जल्द आरोपी को गिरफ्तार करे, नहीं तो महिला कांग्रेस सड़कों पर उतरकर आंदोलन को और उग्र करेगी।

**बूंदी के विवाह स्थल में आग के बाद एक व्यक्ति के जिंदा जलने की घटना से प्रशासन ने दिखाई सख्ती**

# 44 से ज्यादा संचालकों को नोटिस, दो मैरिज गार्डन सीज

**बेधड़क | जयपुर**

पिछले दिनों बूंदी शहर के परशुराम वाटिका और शहनाई मैरिज गार्डन में आग लगने की घटना और उसमें एक व्यक्ति की मौत होने के बाद जिला प्रशासन ने अब सख्ती दिखाना शुरू किया है। अब बूंदी सहित अन्य कस्बों में भी इसका असर दिखाई दे रहा है।

वहीं, बुधवार को नगर परिषद बूंदी ने शहनाई मैरिज गार्डन नैनवां रोड और परशुराम वाटिका जैतसागर को आगामी आदेश तक सीज कर दिया। वहीं, कापरेन नगर पालिका ने भी अवैध रूप से कृषि भूमि पर बने आशापुरा पैलेस सहित छह विवाह स्थलों को नोटिस जारी किया है। इसी तरह अन्य नगर पालिकाओं ने भी नोटिस जारी करने की औपचारिकता की। सहायक अग्निशमन अधिकारी अब्दुल मतीन मंसूरी ने बताया कि नगर परिषद के क्षेत्राधिकार में 44 से ज्यादा मैरिज गार्डन, होटल, रेस्टोरेंट, शोरूम और हॉस्पिटल संचालकों को अग्निशमन विभाग ने नोटिस जारी किया है। इनमें 24 मैरिज गार्डन, 8 होटल एंड रेस्टोरेंट, 7 ऑटोमोबाइल शोरूम, तीन कोचिंग संस्थान और दो हॉस्पिटल शामिल हैं। इन्हें आगामी 15 दिन में अग्निशमन उपकरण स्थापित करने और अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण-पत्र लेने के लिए पाबंद किया गया है।




### नीति-नियम हो एक समान

जिला समारोह आयोजन समिति बूंदी के अध्यक्ष मुकेश श्रृंगी ने बताया कि कोई नहीं चाहता इस तरह की दुर्घटना हो। सभी मैरिज गार्डन संचालक निर्धारित मानकों को पूरा करने का प्रयास करते हैं, लेकिन उन मानकों को पूरा करने की औपचारिकताओं से परेशान होकर पीछे हट जाते हैं। वहीं, इन्होंने सभी आयोजन स्थल जहां विवाह, समारोह, उत्सव आदि आयोजित होते हैं, उनके लिए नीति नियम और मानकों के एक समान रखे जाने की बात कही, चाहे वे नीजि मैरिज गार्डन हो, होटल-रेस्टोरेंट हो या सरकारी भूमि भवन सहित समाजों को आवंटित भूमि भवन, जिनका व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है।

### इन्हें जारी किए गए नोटिस

सहायक अग्निशमन अधिकारी अब्दुल मतीन मंसूरी ने बताया कि बिना फायर एनओसी के संचालित हो रहे संस्थानों को नोटिस जारी किया है। इनमें ब्ल्यूडोर रेस्टोरेन्ट, होटल ग्रांट परमेश्वरी, अलगौजा रिसोर्ट, शिवम मैरिज गार्डन, शहनाई मैरिज गार्डन, सांवरियां मैरिज गार्डन, केसरी दोलत मोरेज हॉल, माहेश्वरी मैरिज गार्डन, पायलट मैरिज गार्डन, पलक मैरिज गार्डन, सत्यम मैरिज गार्डन, होटल उत्सव, ग्रीनवैली मैरिज गार्डन, शगुन मैरिज हॉल, हरियाली मैरिज गार्डन, न्यू हरियाली मैरिज गार्डन, अरावली मैरिज गार्डन, होटन हनी, शिव सांवरिया मैरिज गार्डन, एमएस मैरिज गार्डन, रिद्धी सिद्धी मैरिज गार्डन, आरएन होटन मैरिज गार्डन, आनंदी मैरिज गार्डन, भाटिया एंड कंपनी, हुंडई शौरूम, महिन्द्रा शौरूम, होढड़ा शौरूम, प्रशांत मोटर्स, एवरग्रीन मोटर्स, टीवीएस शौरूम, माहेश्वरी चिल्ड्रन हसस्पिटल, महात्मा गांधी हॉस्पिटल, देव क्लासेज, सृजन क्लासेज, श्याम क्लासेज, मीटअप रेस्टोरेंट, द मून रेस्टारेंट, मसाला चौक रेंस्टारेंट, टीएफसी रेंस्टोरेंट, होटल हाडौती पैलेस, उम्मेदबाग पैलेस और लिजॉय होटल शामिल हैं।

**सीएम भजनलाल का दिल्ली दौरा, जनसभाओं को किया संबोधित**

# मोदी सरकार ने गरीब, बेघर और कमजोर वर्ग के लिए किया काम

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने रविवार को नई दिल्ली के दो लोकसभा क्षेत्रों से भाजपा प्रत्याशियों के लिए जनसभाओं को एंव अन्य कार्यक्रमों को संबोधित किया और आगामी लोकसभा चुनाव के दिन भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। इस दौरान सीएम शर्मा ने कहा कि भाजपा गरीब, मजदूर और किसानों की पार्टी है, सबको साथ लेकर चलने वाली पार्टी है।

उन्होंने कहा कि केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने शानदार काम किया है और हमारी सरकार ने गरीब, कमजोर और बेघर परिवारों को मकान देने का काम किया है, बिजली और पानी की व्यवस्था भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनावी मौसम में सपने दिखाने वाले झूठे वादे करने वाले आएंगे, इनकी लूट और झूठ की दुकान है। इनका जवाब वोट से देना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने जनसभा में कहा कि भारत को दुनिया में कोई विकसित कर सकता है तो वो नरेंद्र मोदी है। विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए शर्मा ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि आपके फ़ोन में जीतने नंबर है उन सबको जगाइए और भारी संख्या में मतदान करके नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत कीजिए। सीएम भजनलाल ने पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में जलेबी चौक खादर में हर्ष मल्होत्रा और शिवविहार, शाहदरा लोकसभा उत्तरी-पूर्वी दिल्ली के प्रत्याशी मनोज तिवारी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल जेल में हैं लेकिन कुर्सी का मोह नहीं छूट रहा है। ऐसे सत्ता के पैरोकारों को वोट से जवाब देने का समय आ गया है।



### मोदी की योजनाएं गरीब कल्याण के लिए

सीएम शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री की गरीब कल्याण की योजनाएं है। अब देश में माता- बहनों को लगने लगा है की हमारी भी कोई सुन रहा है। आजादी के इतने साल बाद में माता बहनों की समस्याओं को सिर्फ पीएम मोदी ही समझ पाए हैं। मोदी सरकार द्वारा 2014 के संकल्प पत्र में की गई घोषणाओं को 2019 तक पूरा किया और 2019 के संकल्प पत्र में किए गए सभी वादों को 2024 तक पूरा किया है। अब हमारी सरकार इस नए संकल्प पत्र के साथ लोकसभा चुनाव में उतरी है और सभी घोषणाओं को समयबद्ध तरीके से लागू करेगी। उन्होंने कहा कि आप कांग्रेस के घोषणा पत्र और आम आदमी के घोषणा पत्रों को उठाकर देखें तो आपको अंतर साफ पता चल जाएगा कि वे देश को किस नकारात्मक दिशा में ले जाना चाहते हैं। हमने हमारे घोषणा पत्र में 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की नींव रखने का प्रयास किया है।

### बैठक में कार्यकर्ताओं में फूंका जोश

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में शाहदरा स्थित भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए उनमें जोश फूंका। उन्होंने कहा कि 2014 के पश्चात गरीब कल्याण एवं विकास की योजनाएं, सीमाओं की सुरक्षा, दुनिया में भारत का बढ़ता गौरव, आतंकवाद और नक्सलवाद से मुक्ति होते आम जनता ने देखा है। वर्ष 2014 से पहले क्या हुआ करता था ये भी जनता ने देखा है। जनता में ये विश्वास है कि अगर देश को कोई आगे बढ़ा सकता है तो वे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी हैं। इसलिए मैं कह सकता हूं, हमारा कार्यकर्ता भी पूर्ण रूप से विश्वास के साथ जनता के बीच जाकर बात करता है। दिल्ली में हम सातों सीटें जीतेंगे और बड़े मार्जिन से जीतेंगे। मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता को जो भी दायित्व देते हैं, वह उसे पूरा करता है। कार्यकर्ता पूरे मन से लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता बूथ स्तर तक पूरी मेहनत से लगा हुआ है, यह देखकर मैं कह सकता हूं कि 'मोदी जी का विजन और कार्यकर्ताओं की मेहनत' से हम 400 पार करेंगे।

### राजस्थान के प्रवासी राष्ट्रवाद से जुड़े

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि राजस्थानी प्रवासी हमेशा राष्ट्रवाद, संस्कृति एवं विचार से जुड़ा हुआ है और अपनी माटी को वे भूले नहीं हैं। दिल्ली में ही नहीं पूरे देश में प्रवासी राजस्थानियों की गूंज है। राष्ट्रवाद की विचारधारा से जुड़कर राजस्थानी प्रवासी हमेशा प्रदेश के गौरव को बढ़ाने का काम करते हैं।

**तेलंगाना में सम्मेलन को किया संबोधित**

## नारायण पंचारिया ने प्रवासी राजस्थानियों से किया जनसंपर्क

**बेधड़क | जयपुर**

लोकसभा चुनाव प्रचार के चौथे चरण के लिए प्रदेश भाजपा के नेता दूसरे राज्यों में विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों में घर-घर जाकर जनसंपर्क, रैलियां और सभाएं कर रहे हैं।

इसी कड़ी में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पंचारिया ने तेलंगाना की चेवेल्ला लोकसभा क्षेत्र में घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क किया। इस दौरान उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी की आगामी 10 मई को होने वाली जनसभा में आमजन से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पंचारिया ने बताया कि चेवेल्ला लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत हैदराबाद शहर की तीन विधानसभा और ग्रामीण की चार विधानसभाएं शामिल है। जनसंपर्क के दौरान राजेंद्र नगर विधानसभा क्षेत्र में आई माता मंदिर में दर्शन करके राजस्थानी प्रवासियों से संपर्क किया और अधिक से अधिक मतदान करने का आग्रह किया। वहीं अतापुर में सर्व ब्राह्मण महासभा की ओर से आयोजित सम्मेलन में भाग लेकर भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी ने तेलंगाना के सिकंदराबाद लोकसभा क्षेत्र की विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में जनसंपर्क कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। वहीं सिकंदराबाद लोकसभा क्षेत्र के खैरताबाद में वाहन रैली निकालकर भाजपा प्रत्याशी को जिताने की अपील की।




## मंत्री खराड़ी को धमकी देने वाला आरोपी पकड़ा

**जयपुर।** राज्य की भजनलाल सरकार में मंत्री बाबूलाल खराड़ी को जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी खेरवाड़ा कॉलेज में प्रथम वर्ष बीएससी का छात्र है।

साथ ही कैटरिंग का काम करता है। आरोपी की शिनाख्त जितेंद्र कुमार अहारी के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी ने राजनीतिक द्वेषता में मंत्री को धमकी दी थी। हालांकि, पुलिस ने किसी सियासी दल का नाम नहीं लिया है। आरोपी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर मंत्री बाबूलाल खराड़ी को जान से मारने की धमकी दी थी। साथ ही पुलिस की ओर से बताया गया कि जिस अकाउंट से मंत्री को धमकी दी गई थी, उसे 1 मई को बनाया गया था। मंत्री को सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी की घटना को पुलिस ने गंभीरता से लिया। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन किया गया।

वहीं, गठित विशेष टीम ने तकनीकी मदद से आरोपी की पहचान की और फिर उसको हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। उसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। इधर, आरोपी को कोर्ट में पेश कर पीसी पर लिया गया है पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वो इंस्टाग्राम पर अन्य नाम से आईडी बनाई है।

## खबरों में बेधड़क खबर



### साहब की जांच की अनुमति मांगना भारी पड़ा

सेवा शुल्क लेने वाले अफसरों पर कार्रवाई करने वाले झालाना वाले ऑफिस से बड़े का अचानक तबादला होने पर कई चर्चाएं शुरू हो गई है। साहब को अचानक हटाने की वैसे तो तरह-तरह की बातें हो रही है, लेकिन चर्चा है कि हकीकत कुछ और ही है। सचिवालय व खाकी में चर्चा है कि साहब को सचिवालय में बैठने वाले एक बड़े साहब के खिलाफ जांच की अनुमति मांगना और अपने अफसरों को एक मामले में नामजद नहीं करना भारी पड़ गया। एक एफआईआर में खाकी के कुछ अफसरों को नामजद नहीं किया तो 93 बैच के सचिवालय में बैठने वाले कुछ अफसर एक जुट हो गए और साहब की कार्यशैली पर सवाल उठाने लगे। इन अफसरों ने साहब की ऊपर तक चुगली कर दी तो मजबूरन साहब को झालाना से हटाना पड़ा।

### कमरा नंबर-407 में सटोरिए से सौदेबाजी

शहर में पिछली सरकार में बने एक नए थाना इलाके से पीलिबंगा के नामचीन सटोरिए से मोटी वसूली करना मामला जोरों में चर्चा में है। दरअसल एमआई रोड़ ऑफिस वाली विशेष टीम के एक विशेष महारथी को होटलकर्मी ने सूचना दी कि होटल के कमरा नंबर 407 में एक बड़ा सटोरिया रूका हुआ और पास वाले रूम में उसका परिचित है। खाकी के इस विशेष महारथी ने अपने चेले दूसरे विशेष महारथी को मामला बताया और होटल भेज दिया। दूसरा विशेष महारथी होटल पहुंचा और करीब आधे घंटे तक सटोरिए से सौदेबाजी करता रहा। सौदा होने के बाद विशेष महारथी होटल से लौट आया। चर्चा है कि होटल में लगे सीसीटीवी कैमरे में यह पूरा मामला कैद हो गया और वायरल होते हुए अफसरों तक पहुंच गया। लेकिन अफसरों को सभी विशेष महारथी मिलकर गुमराह करने में लगे हुए हैं।

### थाने में प्राइवेट एक्सपर्ट!

राजधानी के थाने में तैनात गामा साहब अपने साथ दो प्राइवेट एक्सपर्ट को लेकर साथ चलते हैं। जिस भी थाने में साहब की पोस्टिंग होती है, उस थाने में यह दोनों भी पहुंच जाते हैं। दोनों प्राइवेट एक्सपर्ट थाने में दर्ज होने वाले मुकदमों में काफी दखल करते हैं और साहब ने दोनों को खुद के क्वार्टर में पहना दे रखी है। इसके खाकी में कई मायने निकाले जा रहे हैं। दोनों प्राइवेट एक्सपर्ट से थाने में तैनात अन्य खाकी वाले काफी विचलित रहते हैं। चर्चा है कि साहब द्वारा दोनों को पगार भी दी जाती है और दोनों प्राइवेट एक्सपर्ट द्वारा मोबाइल नंबरों की सीडीआर निकलाने और तकनीकी कामों दखल रहता है। दोनों अक्सर साहब के रीडर के ऑफिस में ही बैठे नजर आते हैं।

### पीटर मदहोश होकर गाना शुरू कर देते हैं

खाकी में तैनात एक पीटर साहब की मदहोशी इन दिनों काफी चर्चा में है। साहब रात वाली पार्टियों में मदहोश हो जाते और गाना शुरू कर देते हैं। मदहोश होने के बाद केवल साहब की आंखे ही नजर आती है। चर्चा है कि नशे में साहब की आंखे बाहर आने लग जाती है। पीटर वैसे तो लाइजनिंग और चमचागिरी करने में बड़े माहिर हैं। बिड़ला मंदिर के सामने तोड़-फोड़ वाली शाखा में रहने के दौरान साहब दो साल तक बिल्डर सेवा शुल्क को लेकर रडार पर थे। जब अति होने लगी तो साहब खुद वहां से निकल लिए। क्योंकि साहब की सरकार में ऊपर तक अच्छी घुसपैठ थी और फिर अच्छी जगह पर पोस्टिंग ले ली थी। कुछ मीडिया कर्मियों से अच्छी दोस्ती करके कारनामों को छुपाने वाले इन पीटर साहब की मदहोशी व सेवा शुल्क के कारनामे इन दिनों काफी चर्चा में है।

**- ओमप्रकाश शर्मा, विशेष संवाददाता**

**इंग्लिश मीडियम स्कूलों के रिव्यू के फैसले पर पूर्व सीएम का बयान**

# गहलोत बोले... फैसले पर पुनर्विचार करे सरकार, यह गरीब विरोधी

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल का रिव्यू करने के फैसले को लेकर सियासत गरमा गई है। सरकार की ओर से इन स्कूलों को फिर से हिंदी माध्यम में करने की कवायद के बीच पूर्व सीएम अशोक गहलोत की प्रतिक्रिया सामने आई है।

गहलोत ने बीजेपी सरकार के फैसले को बेतुका और गरीब विरोधी बताते हुए इसका विरोध किया है। गहलोत ने कहा है कि गरीब और मध्यम वर्ग के बच्चों को अंग्रेजी शिक्षा देने के उद्देश्य से हमारी सरकार ने महात्मा गांधी अंग्रेजी मीडियम स्कूल शुरू किए थे। अगर इन स्कूलों में सुधार की आवश्यकता थी तो वर्तमान सरकार इसमें आवश्यक सुधार करती, लेकिन अंग्रेजी माध्यम स्कूलों को फिर से हिन्दी माध्यम करना बेतुका और गरीब एवं मध्यम वर्ग के विरोध में लगता है। उन्होंने कहा कि हिंदी तो हम सभी की मातृभाषा है, लेकिन अंग्रेजी माध्यम बच्चों को रोजगार के नए अवसर देता है।

हमारी सरकार ने स्थानीय निवासियों और जनप्रतिनिधियों की मांग पर ही अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले थे। इनसे प्रदेश में एक अच्छा माहौल तैयार हुआ था। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ट्वीट कर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से सरकार के फैसले पर पुनर्विचार करने की अपील भी की है।



### प्रदेश में हैं 2000 से ज्यादा है स्कूल

प्रदेश में चल रहे 2000 से ज्यादा महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों को हिंदी मीडियम में बदलने की तैयारी चल रही है। शिक्षा विभाग ने जिला स्तर पर अधिकारियों से इंग्लिश मीडियम स्कूल के मौजूदा हालात, टीचर्स की संख्या, स्टूडेंट की संख्या के साथ 38 पॉइंट का रिव्यू कर उसे फिर से हिंदी मीडियम में शुरू करने की सिफारिश मांगी है। इसके आधार पर फैसला कर शिक्षा विभाग इंग्लिश मीडियम स्कूल को फिर से हिंदी मीडियम में बदलेगा। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि सरकार के स्तर पर रिव्यू किया जा रहा है। उन्होनें कहा कि सरकारी स्तर पर रिव्यू करने के साथ ही हम यह भी देखेंगे कि महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल केंद्र सरकार की नई शिक्षा नीति के अनुरूप है भी या नहीं है। इसी आधार पर अंतिम फैसला किया जाएगा।


### अंग्रेजी माध्यम स्कूल सस्ती लोकप्रियता का हिस्सा

पूर्व मंत्री व मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने पूर्ववर्ती गहलोत सरकार के कार्यकाल में खोले गए अंग्रेजी माध्यम स्कूलों को लेकर बयान जारी किया है। सराफ ने बताया कि पूर्ववर्ती गहलोत सरकार द्वारा आनन-फानन में अंग्रेजी माध्यम के स्कूल खोले थे। जो सस्ती लोकप्रियता का हिस्सा है बिना किसी तैयारी की इन्होंने स्कूलों को संचालित कर दिया। जो बच्चा छट्ठी कक्षा तक हिंदी मीडियम में पढेगा। उसके बाद उस बच्चे को आप सरकारी अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाने स्कूल भेजेगो। तो वह बच्चा वहाँ जाकर क्या पढेगा? बच्चे को समझ नही आयेगा। इसके अलावा जिन हिंदी मीडियम स्कूलो को अंग्रेजी मीडियम में' परिवर्तित किया गया है उनमे अंग्रेजी माध्यम के अध्यापक भी नही है। फिर हिंदी मीडियम के अध्यापक अंग्रेजी मीडियम के बच्चों को कैसे पढ़ाएंगे ।इसलिए निश्चित रूप से जो हमारी सरकार ने निर्णय लिया है वह उचित कदम है।



## जरूरी खबर

### छापे में 709 करोड़ के अघोषित लेनदेन का खुलासा



**जयपुर।** दो ज्वेलर्स ग्रुप के सभी ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी छह दिन बाद खत्म हो गई है। इस छापेमारी में कुल 709 करोड़ रुपए के अघोषित लेनदेन का खुलासा हुआ है। टीम ने दोनों ग्रुप के अहम कागज, हार्ड डिस्क, लैपटॉप समेत कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त कर लिए। इनकी जांच शूरू कर दी गई है। सूत्रों के अनुसार यह सबसे सफल छापा बताया जा रहा है। इसमें 709 करोड़ के अघोषित लेनदेन का खुलासा हुआ है। साथ ही 1.84 करोड़ कैश और 18.48 करोड़ की निजी ज्वेलरी जब्त की गई है। दोनों ग्रुप के पास बोगस कम्पनियों से 15 करोड़ के लोन का हिसाब भी आईटी टीम को मिला है। आईटी टीम को छापेमारी के दौरान जॉर्जिया में खरीदी गई संपत्ति के दस्तावेज भी मिले हैं।

### आंखों में मिर्च झोंक कर टैक्सी ड्राइवर को लूटा

**जयपुर।** राजधानी में आंखों में मिर्च पाउडर झोंक कर एक टैक्सी ड्राइवर से लूट करने का मामला सामने आया है। बदमाशों ने वारदात के लिए रेलवे स्टेशन से टैक्सी कार की बुकिंग की थी। इसके बाद सुनसान जगह पर उसके साथ मारपीट की और आंखों में मिर्च पाउडर झोंक कर टैक्सी और कैश-मोबाइल लूट ले गए। पीड़ित टैक्सी ड्राइवर ने सांगानेर सदर थाने में लूट का मामला दर्ज करवाया है। एएसआई रामवतार मीणा ने बताया कि लालसोट दौसा निवासी दिलराज मीणा (29) टैक्सी चलाता है। शनिवार रात करीब 2 बजे एक सवारी ने रेलवे स्टेशन से कार की बुकिंग की थी। सुनसान जगह पर सवारी ने कार रुकवाई। कार रुकते ही उसके साथी आ गए। उन्होंने मारपीट की आंखों में मिर्च झोंक दी और 17 हजार रुपए, दो मोबाइल और कार लेकर फरार हो गए।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

## वर्ल्ड लाफ्टर-डे पर सेन्ट्रल पार्क में जुटे में शहरवासी

# 'कोई भी आओ, हंस के दिखाओ' में लगे अच्छी सेहत के ठहाके

**बेधड़क** | जयपुर

सेन्ट्रल पार्क के गेट न. 4 पर रविवार को हर उम्र के लोगों ने जमकर ठहाके लगाए। मौका था विश्व हास्य दिवस के अवसर पर हास्यम् संस्था द्वारा सन टू ह्यूमन फाउंडेशन एवं रोटरी क्लब जयपुर रॉयल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'कोई भी आओ, हंस के दिखाओ' कार्यक्रम का।

इस अवसर पर दूर-दराज से आए लोगों के साथ शहर के डॉक्टर्स, लॉयर्स, उद्योगपति और कई प्रोफेशनल लोगों ने भी हंसी ठहाके लगाए। लोगों ने अपनी अदाओं और हंसी की विभिन्न



मुद्राओं से एक दूसरे को जमकर हंसाया। हास्य कवि पीके मस्त ने अपनी अनोखी शैली में हंसा कर खूब वाह-वाही लूटी।

### लाफ्टर आंदोलन बढ़ाने वालों का सम्मान

हास्यम के अध्यक्ष सीएम शारदा ने बताया कि स्वास्थ, प्रसन्नता और विश्व शान्ति के लिए प्रतिबद्ध इस लाफ्टर आंदोलन को गति देने में सहयोग करने वाले सर्वश्री योगाचार्य हरिसिंह सौलंकी, पीके मस्त, डा. प्रमोद बंसल, आरके बागला, अंकुर चितलांगिया, अनीता रूंगटा एवं केसरलाल माहेश्वरी को सम्मानित किया गया।

### साधकों ने सिखाए आनंदित रहने के प्रयोग

समारोह के समाजसेवी विवेक लड्डा मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर सन टू ह्यूमन फाउंडेशन के प्रमुख साधकों ने विभिन्न तकनीकों से जीवन को आनंदित करने के प्रयोग भी सिखाए। इस अवसर पर सन टू ह्यूमन फाउंडेशन के प्रमुक साधक अम्बरीश (संजय माहेश्वरी), रजनी माहेश्वरी, नरेन्द्र वैद रोटरी क्लब रॉयल के अध्यक्ष विष्णु बिरला, सचिव सुशील गोयल सहित सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।



फोटो: राजेश कुमावत

## ब्लड बैंक कर्मियों ने रंगे हाथ पकड़ा, जांच के लिए कमेटी बनाई

# जेके लोन से प्लाज्मा चुरा निजी कंपनी को बेच रहा था लैबकर्मी

**बेधड़क** | जयपुर

जेके लोन हॉस्पिटल में ब्लड बैंक से एक लेब टेक्नीशयन के प्लाज्मा चुराकर निजी कंपनी को बेचने का मामला सामने आया है। लैब टेक्नीशियन लंबे समय से प्लाज्मा चुरा रहा था, जिसे ब्लड बैंक कर्मचारियों ने रंगे हाथों पकड़ लिया। ब्लड बैंक इंचार्ज ने जब उससे पूछताछ की तो उसने प्लाज्मा चुराने की बात कबूल कर ली और बड़ी मात्रा में चुराया हुआ प्लाज्मा फिर से जेके लोन हॉस्पिटल में जमा भी कराया। उधर, मामला सामने आने के बाद जेके लोन अस्पताल प्रशासन ने कमेटी गठित कर आरोपी लैब टेक्नीशियन के खिलाफ जांच शुरू कर दी है।

जेके लोन हॉस्पिटल में ब्लड बैंक के इंचार्ज डॉक्टर सत्येंद्र सिंह ने बताया कि लैब टेक्नीशियन कृष्णकांत कटारिया पिछले लंबे समय से प्लाज्मा चोरी कर रहा था। शनिवार को लैब में काम करने वाले दूसरे कर्मचारियों ने उसे रंगे हाथों पकड़ा था। इसके बाद जब इस पूरे मामले की शुरुआती जांच की गई तो इसमें कृष्णकांत दोषी पाया गया। फिलहाल फिजिकल वेरिफिकेशन किया जा रहा है। उसके बाद ही इस पूरे मामले पर कोई अंतिम फैसला लिया जा सकेगा।



### कार से करीब 110 यूनिट प्लाज्मा बरामद!

उधर, सूत्रों के अनुसार जेके लोन हॉस्पिटल का लैब टेक्नीशियन कृष्ण कांत कटारिया पिछले लंबे वक्त से प्लाज्मा चुरा कर निजी कंपनियों को बेच रहा था। शनिवार को भी उसकी कार से करीब 110 यूनिट प्लाज्मा बरामद हुआ था। हालांकि, जेके लोन हॉस्पिटल प्रशासन द्वारा इसकी पुष्टि नहीं की गई है और न ही कृष्णकांत के खिलाफ अब तक कोई शिकायत दर्ज करवाई गई है।

### बहुत मुश्किल से मिलता है प्लाज्मा

बता दें कि प्लाज्मा बहुत मुश्किल से उपलब्ध होता है। आमतौर पर प्लाज्मा गंभीर बीमारियों के मरीज के काम में ही आता है। इसकी वजह से इसकी कीमत 3500 से 4000 प्रति लीटर तक होती है। प्लाज्मा हमेशा डॉक्टरों की राय के बाद ही मरीज को चढ़ाया जाता है, ऐसे में इसकी उपलब्धता काफी कम होती है।

### प्लाज्मा चुराने का पहला मामला

उन्होंने बताया- कृष्णकांत के खिलाफ जांच के लिए कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी में ब्लड बैंक के नर्सिंग ऑफिसर, लैब टेक्नीशियन समेत अन्य अधिकारी शामिल हैं, जो अब इस पूरे मामले की जांच रिपोर्ट तैयार कर हॉस्पिटल अधीक्षक को सौपेंगे। इसके बाद ही इस पूरे मामले पर कुछ भी कहना ठीक होगा। कृष्णकांत के दोषी पाए जाने पर लीगल राय के आधार पर उसके खिलाफ कोई कार्रवाई की जाएगी, क्योंकि इस तरह से प्लाज्मा चुराने का यह पहला मामला सामने आया है। यह काफी गंभीर है।

## वीजेसी ओपन माइक लीग के ऑडिशन

# मिमिक्री, कॉमेडी और गायन, रैपिंग में दिखाई प्रतिभा



**बेधड़क** | जयपुर

विनीत जैन क्रिएशन्स (वीजेसी) के बैनर तले वीजेसी ओपन माइक लीग के ऑडिशन पांच बत्ती स्थित 360 डिग्री में हुए। इस मौके पर करीब 50 के आसपास प्रतिभाओं ने कविता, मिमिक्री, स्टैंड अप कॉमेडी, संगीत, गायन, रैपिंग आदि में अपने हुनर दिखाए।

शो के संस्थापक विनीत ने बताया कि छवि जैन ने जगजीत सिंह को कविता के रूप में प्रस्तुत किया, इंजीनियर निर्मल गोयल ने स्टैंडअप कॉमेडी,बॉलीवुड गायक रोहित शर्मा के पुत्र आर्यन शर्मा ने एक सुंदर गाना प्रस्तुत किया, मिमिक्री कलाकार योगेश राजवाड़ा ने हेरा-फेरी के बाबू भैया को चित्रित किया। विकल्प सोनी ने मधुर बांसुरी बजाई, शहजादा ने रैप किया और और कई कलाकारों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन प्रस्तुत किया। निर्णायकों में थे प्रिंस रूबी, मिताली वर्मा और आदित्य शर्मा। विनीत जैन क्रिएशन्स की क्रिएटिव हेड आकांक्षा अरोड़ा व आयोजन की कन्वीनर प्रेरणा चंदीरानी ने बताया कि सेशन राउंड्स मनोरंजन की गुणवत्ता का अंतिम परीक्षण होंगे। अंतिम चयनित उम्मीदवारों का चयन उनके प्रस्तुतियों के आधार पर होगा। शॉर्ट लिस्टेड प्रतियोगियों को फिर महासमापन के लिए आगे बढ़ाया जाएगा, जो 18 मई को होगा। वीजेसी ओपन माइक लीग की समन्वयक आकांक्षा मीना ने बताया कि ओपन माइक लीग के विजेता को सिर्फ पहचान ही नहीं मिलेगी, बल्कि हंसा कोठारी की ओर से प्रायोजित एक महत्वपूर्ण नकद पुरस्कार भी मिलेगा, जो 21,000 रुपए का होगा।

## काले हनुमान मंदिर के महंत ने रखी नींव

# पूर्वमुखी हनुमान मंदिर की दशा सुधरेगी, जीर्णोद्धार कार्य शुरू

**बेधड़क** | जयपुर

हवामहल विधानसभा के वार्ड 22 के बदनपुरा क्षेत्र की मीना कॉलोनी में स्थित पूर्वमुखी हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार के कार्य का शुभारंभ रविवार को चांदी टकसाल स्थित श्री काले हनुमान मंदिर के महंत योगेश महाराज ने नींव का मुहूर्त लगाकर किया। वार्ड 22 के पार्षद विमल अग्रवाल ने बताया कि यह मंदिर वर्षों से यूं ही उजाड़ पड़ा था। मंदिर पर कोई छत नहीं होने के कारण श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता



था। कुछ भामाशाहों के सहयोग से यह कार्य प्रारंभ किया गया है। ऐसा आभास होता है कि प्रभु श्रीराम का अयोध्या में उनका घर बनने से पहले उनके भक्त श्री हनुमान भी अपना घर नहीं बनवाना चाहते थे। इसलिए अयोध्या में श्रीराम का मंदिर के निर्माण के बाद प्रभु श्री हनुमान ने अपने घर के निर्माण में मुझे निमित बनाया।

यह मेरे लिये बड़े सौभाग्य की बात है। अग्रवाल ने बताया कि मंदिर के जीर्णोद्धार की नींव का मुहूर्त लगाने के साथ ही अब क्षेत्र के सभी लोगों व भामाशाओं के माध्यम से शीघ्र ही मंदिर जीर्णोद्धार का कार्य पूर्ण कराया जाएगा।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव के पोस्टर का विमोचन

# आहुतियां देकर दिया परशुराम को निमंत्रण

**बेधड़क** | जयपुर

भगवान परशुराम के अक्षय तृतीया पर 10 मई को मनाए जाने वाले जन्मोत्सव के तहत रविवार को राजधानी में अनेक आयोजन हुए। विद्याधर नगर के भगवान परशुराम सर्किल पर सुबह विशाल प्रतिमा का पंचामृत अभिषेक किया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया।

इससे पूर्व रामेश्वर धाम मुरलीपुरा के गौड़ विप्र समाज भवन में श्री परशुराम गायत्री महायज्ञ किया गया। गायत्री एवं महामृत्युंजय मंत्र के साथ आहुतियां अर्पित करने के बाद विशेष



आहुतियां अर्पित करवाई। हवन के बाद सभी को परिंडे वितरित किए गए। रविवार शाम को मुरलीपुरा के गौड़ विप्र समाज भवन में ब्राह्मण समाज की बैठक हुई। इसमें शोभायात्रा और महाआरती की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। विद्याधर नगर के परशुराम सर्किल से महाआरती के साथ निकाली जाने वाली भगवान परशुराम की शोभायात्रा में झांकी, हाथी, ऊंट, घोड़े, बैंड का लवाजमा रहेगा। ब्राह्मण समाज के युवा वाहन रैली के रूप में साथ चलेंगे। वहीं, मातृ शक्ति एक ही वेश भूषा में मंगल गीत गाती हुई चलेंगी।

अल्का सिनेमा, रोड नम्बर दो, लाल डिब्बा चौराहा, मुरलीपुरा सर्किल, केडिया पैलेस चौराहा होते हुए गौड विप्र समाज भवन में पहुंचेगी। जगह-जगह शोभायात्रा का पुष्प वर्षा और आरती उतार कर स्वागत किया जाएगा। रंगीन आतिशबाजी आकर्षण का केंद्र रहेगी। गौड विप्र समाज भवन में सैंकड़ों दीपकों से भगवान परशुराम जी की आरती उतारी जाएगी।

## घर के बाहर महिला को टक्कर मारने के मामले में 4 गिरफ्तार

# घटना को एक्सीडेंट का रूप देकर हत्या के लिए दी थी 1 लाख की सुपारी

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर में जमीनी विवाद को लेकर सुपारी किलर को हत्या का टारगेट देने का मामला सामने आया है। मानसरोवर थाना पुलिस ने मामले का खलासा कर चार बदमाशों को अरेस्ट किया है। हत्या के लिए बदमाशों ने 3 घंटे रेकी की बाद वारदात को अंजाम दिया था। सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पुलिस ने बदमाशों को पकड़ लिया है।

डीसीपी साउथ दिगंत आनंद ने बताया कि मामले में आरोपी मन्नालाल चौधरी निवासी मान्यावास मानसरोवर, महेश जांगिड उर्फ बॉक्सर निवासी माधोराजुरा फागी हाल थडी मार्केट शिप्रापथ, राहुल चौधरी निवासी चाकूस जयपुर हाल 12-मील सांगानेर और अशुमान मीणा निवासी कांटोली निवाई हाल पिजरोल गौशाला सांगानेर को अरेस्ट किया है। फुटेज के आधार पर बदमाशों को पकड़ा।



### तीन घंटे कार में किया इंतजार

मानसरोवर निवासी हर्षवर्धन सिंह ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उनके घर के बाहर उनकी मां को एक कार से जानबुझ कर टक्कर मारी है। बदमाश एक्सीडेंट का रूप देकर उनकी मां की हत्या करना चाहते थे। वारदात स्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगालने पर टक्कर मारने वाली कार के फुटेज आए। हत्या की नियत से बैठा ड्राइवर कार को पिछले करीब 3 घंटे से इधर-उधर लेता दिखाई दिया। वह अपनी कार को खड़ा करके इंतजार कर रहा था। महिला के घर से बाहर आने पर अपनी कार स्टार्ट कर उसे टक्कर मार दी। कार के नंबर के आधार पर कार ऑनर श्रवण मीणा से पूछताछ की गई। उसने बताया कि उनका कुकू कार रेन्टल नाम से ऑफिस है। 31 मार्च को कार अंशुमान मीणा किराए पर लेकर गया था। इसके बाद पुलिस टीम अंशुमान मीणा के घर पहुंची।

### भूखंड विवाद की थी रंजिश

महिला की हत्या की सुपारी देने वाले आरोपी मन्नालाल चौधरी व महिला के बीच भूखंड को लेकर विवाद चल रहा था। पीड़िता के पिता की आरोपी मन्नालाल पहले कार चलाता था। इससे पहले भी मन्नालाल महिला की मां के गहने चुराए थे। इसी के चलते मन्नालाल रजिंश रखता था। मन्नालाल चौधरी ने महिला की हत्या करने के लिए घटना को एक्सीडेंट का रूप देने की नीयत से अपने जानकार महेश जागिंड़ उर्फ बॉक्सर से बात की। घटना को एक्सीडेंट का रूप देकर हत्या करने के लिए 1 लाख रुपए की सुपारी दी।

### 12 घंटे के लिए किराए पर ली थी कार

महेश जागिंड़ ने राहुल चौधरी, जितेन्द्र उर्फ गुड्डू, अजय, अंशुमान के साथ मिलकर प्लानिंग की। मन्नालाल चौधरी ने महेश जागिंड़ को महिला का घर दिखाया। इसके बाद महेश ने रैकी कर समय वटारगेट फिक्स करने के लिए राहुल चौधरी व जितेन्द्र उर्फ गुड्डू को टारगेट दिया। अजय व अंशुमान को कार से टक्कर मारकर हत्या करना तय किया। आई-20 कार कुकू कार रेन्टल प्रतापनगर से 12 घंटे के लिए किराए पर ली। राहुल चौधरी व जितेन्द्र उर्फ गुड्डू ने बाइक से रैकी कर कार से अजय व अंशुमान ने उसके घर के बाहर टक्कर मार दी। इसमें महिला बाल-बाल बच गई। उनके पैर में चोट आई थी।

## जरूरी खबर

### सीसीएफ ने गोडावण संरक्षण के प्रयासों को देखा



**जैसलमेर।** वन विभाग जोधपुर के मुख्य वन संरक्षक आर. के. जैन तीन दिवसीय जैसलमेर दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय मरू उद्यान वन्य जीव अभयारण्य का भी दौरा किया। मुख्य वन संरक्षक ने अपने भ्रमण के दौरान जिले में गोडावण के महत्वपूर्ण आश्रय स्थल सुदाश्री क्षेत्र में स्थित डीएनपी के क्लोजरों, प्रेडेटर प्रूफ फेंसिंग व अन्य कार्यों का निरीक्षण किया। इसके पश्चात उन्होंने सम स्थित कृत्रिम प्रजनन केंद्र का भी निरीक्षण किया और बस्टर्ड रिकवरी प्रोग्राम के तहत संचालित गतिविधियों की जानकारी ली। जैन ने गोडावण संरक्षण के प्रयासों की सराहना की।

### गुस्साए कोच ने खिलाड़ी पर स्टंप से किया हमला

**अलवर।** जिले में आयोजित 24वीं जिला स्तरीय टेनिस क्रिकेट प्रतियोगिता में एक कोच ने मैच के दौरान एक खिलाड़ी के सिर व चेहरे पर स्टंप से हमला कर दिया। खिलाड़ी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। मौके पर मौजूद प्रतीक ने बताया कि कंपनी बाग में अलवर और सवाई माधोपुर के बीच टेनिस क्रिकेट प्रतियोगिता का मैच चल रहा था। इस दौरान किसी कमेंट्स पर आक्रोशित होकर जयपुर के कोच ने ऑफिशियल अंपायरिंग कर रहे अलवर के खिलाड़ी प्रवीण के सिर में स्टंप मार दिया। इसके बाद लहूलूहान हालत में प्रवीण को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उसका उपचार जारी है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत



**चाकसू।** शिवदासपुरा थाना इलाके में बरखेड़ा टोल प्लाजा से 200 मीटर की दूरी पर हाईवे स्थित भरथरी ढाबे के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार महिला की मौत हो गई। मृतका ललिता बैरवा टोंक जिले के अमली गांव की रहने वाली थी। एंबुलेंस चालक कैलाश शर्मा व ईएमटी योगेंद्र चौधरी ने बताया कि ललिता देवी अपने पिता रामवतार बैरवा के साथ बाइक से जयपुर की ओर जा रही थी। शिवदासपुरा इलाके में भरतरी ढाबे के पास पहुंचने पर अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। इसके चलते ललिता की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

**पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री लगाएंगे दिव्य दरबार,** अक्षय तृतीया से प्रारंभ होगा पांच दिवसीय कथा का आयोजन

# बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर 10 मई से करेंगे श्रीहनुमंत कथा

**बेधड़क** | सांचोर

शहर के हवाई पट्टी मैदान में 10 से 14 मई तक बागेश्वर धाम के पीठाधश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री हनुमंत कथा करेंगे। इस दौरान बागेश्वर सरकार का दिव्य दरबार और लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन भी होगा।

इसमें सांचौर सहित आस-पास के क्षेत्र से बड़ी तादाद में श्रद्धालु शामिल होंगे। आयोजन के सफल संचालन के लिए अलग-अलग कमेटियों का गठन कर पूरी रूप-रेखा तैयार की जा रही है। पुलिस प्रशासन द्वारा पार्किंग व्यवस्था के साथ ही शहर की यातायात



व्यवस्था को सुधारने के प्रयास किया जा रहे हैं। सांचौर में प्रविष्ट होने वाले विभिन्न मार्गों में नगरीय क्षेत्र की परिधि से दूर पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है। कार्यक्रम की योजनाएं एवं व्यवस्था संचालन के लिए हवाई पट्टी मैदान के नजदीक महालक्ष्मी मंदिर श्रीमाली माली समाज भवन में अस्थाई कार्यालय बनाया गया है। कार्यक्रम के दौरान 10 मई को अक्षय तृतीया से आयोजन की शुरूआत होगी। इस मौके पर सुबह 7 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसमें महिलाएं सिर पर मंगल कलश लेकर चलेंगे। आयोजन में पांच दिनों हनुमंत कथा के साथ ही प्रतिदिन भजन संध्या सहित कई कार्यक्रम होंगे। बागेश्वर धाम की कथा को लेकर हवाई पट्टी मैदान में 90 वीघा भूमि पर विशाल पांडाल तैयार किया जा रहा है। आयोजन समिति के अनुसार इस पंडाल में करीबन 30 हजार से ज्यादा लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी।



### 2000 कार्यकर्ता संभालेंगे व्यवस्था

बागेश्वर धाम सरकार की हनुमंत कथा को लेकर कथा स्थल पर एक लाख स्क्वायर फिट में जयपुर की टीम के द्वारा विशाल जर्मन डॉम का निर्माण किया जा रहा है। वहीं काशी के विद्वान पंडितों द्वारा लक्ष्मी नारायण महायज्ञ किया जाएगा। सुरक्षा के लिए 200 बाउंसर को तैनात किया जाएगा। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आयोजन स्थल से 2 किलोमीटर दूर पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। वहीं इस पूरे कार्यक्रम के आयोजन को लेकर करीब दो हजार कार्यकर्ता व्यवस्था को संभालेंगे हैं। कथा स्थल पर साधू सन्तो के लिए अलग से मंच तैयार किया जा रहा है।

### ये कलाकार देंगे खास प्रस्तुतियां

आयोजन में प्रतिदिन रात्रि को होने वाली भजन संध्या में सुप्रसिद्ध कलाकारों अपनी प्रस्तुतियों से भगवान को रिझाएंगे। इसमें 9 मई को अनिल सेन नागौर, 10 मई को मधुबाला राव उदयपुर, 11 मई को प्रकाश दास महाराज, 12 मई को रमेश माली एंड पार्टी पाली, 13 मई को ओम मुंडेल डेगाना द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएगी। आयोजन के दौरान नूतन गहलोत जोधपुर द्वारा कार्यक्रम का संयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी में राव मोहन सिंह चितलवाना, विट्ठलकृष्ण पथमेड़ा, प्रधान प्रतिनिधि हरचंद पुरोहित, सीए सत्येंद्र बिश्नोई, बसंत पुरोहित, सतीश सिंह राव, प्रभु लल दोशी, सुरेश बिश्नोई, रमेश राजपुरोहित, गणपत पुरोहित पालड़ी, बीरबल बिश्नोई, श्रवणदास वैष्णव, गणपत दवे मानदास वैष्णव, दिनेश बिश्नोई, हरीश पंवार, दीपक जीवनानी, नरेश बुनकर, रमेशगिरी, कैलाश कंवर प्रधान सांचौर, हेमलता दवे, कंचन जोशी, प्रियंका खत्री, शांता मैडम, बबीता बिश्नोई सहित सैकड़ो कार्यकर्ता आयोजन की तैयारी में लगे हुए है।

**केवलादेव नेशनल पार्क का तीन किमी** कम हुआ वेटलैंड एरिया

# पांचना और गंभीरी नदी को पानी नहीं मिलने से पहचान पर संकट

**बेधड़क** | भरतपुर

जिले के केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में दुनियाभर के सैकड़ों प्रजाति के हजारों पक्षी आते हैं। आर्द्र भूमि की वजह से दुनियाभर के सैकड़ों प्रजाति के हजारों पक्षी केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान आते हैं। इसी वजह से केवलादेव उद्यान की दुनियाभर में पहचान है, लेकिन बीते 22 साल से इस घना (केवलादेव नेशनल पार्क) को पांचना बांध और नदियों का उचित व पूरा पानी नहीं मिल पा रहा है।

इसी का नतीजा है कि जिस वेटलैण्ड (आर्द्र भूमि) की वजह से घना (केवला देव नेशनल पार्क) की बर्ड सेंचुरी की पहचान है, अब वो आर्द्र भूमि सिमटने लगी है। बीते ढाई दशक में घना की आर्द्र भूमि 11 वर्ग किलोमीटर से सिमटकर करीब 8 वर्ग किलोमीटर रह गई है।

अगर समय रहते घना को पांचना बांध का नियमित पानी नहीं मिला तो धीरे-धीरे यहां की आर्द्र भूमि वुडलैंड में तब्दील हो जाएगी। जिससे इस विश्व विरासत की न केवल पहचान पर संकट खड़ा हो जाएगा, बल्कि पक्षी भी मुंह मोड़ लेंगे। डीएफओ मानस सिंह ने बताया कि घना 28। 73 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है। इसको वेटलैंड (आर्द्र भूमि) के रूप में विकसित किया गया था। फिलहाल घना में 6 मुख्य ब्लॉक हैं, जिनका आर्द्र भूमि के रूप में रख-रखाव किया जाता है। पहले घना में गंभीरी नदी और पांचना बांध से पानी आता था, लेकिन बीते 22 साल से कभी भी घना को उसके हिस्से का पूरा पानी नहीं मिला। यहां तक कि वर्ष 2012 के बाद तो पांचना बांध का पानी मिलना पूरी तरह बंद हो गया।



### पानी के बिना वेटलैंड को बचाना मुश्किल

वर्ष 1986 के शोध से स्पष्ट हुआ था कि घना के कुल क्षेत्र में से करीब 11 वर्ग किमी वेटलैंड क्षेत्र था, लेकिन लंबे समय से पर्याप्त पानी नहीं मिलने की वजह से अब उद्यान का कदंब कुंज, एफ-1 और एफ-2 ब्लॉक पूरी तरह से सूख गए हैं। इससे घना का वेटलैंड का करीब 11 वर्ग किमी क्षेत्र करीब 8 वर्ग किमी तक सिमट गया है। ये सब पानी की कमी की वजह से हुआ है। इसी का प्रभाव है कि कई प्रजाति के पक्षी यहां आना कम या बिलकुल बंद हो गए हैं। वेटलैंड को बचाए रखने के लिए पांचना बांध का पानी बहुत जरूरी है। केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान बीते तीन दशक में ग्लोबल वार्मिंग और मौसम के बदलाव के कई हालातों से गुजरा है। दुनियाभर में जिस उद्यान को वेटलैंड के लिए पहचाना जाता है, उसके क्षेत्रफल में भी कमी आई है। घना पानी की कमी के दंश को भी करीब दो दशक से झेल रहा है। ऐसे में अब करीब 36 साल बाद फिर से केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में पानी की आवश्यकता, वेटलैंड की स्थिति पर शोध किया जाएगा।

### अनुमति मिलते ही शुरू होगा शोध

घना के निदेशक मानस सिंह ने बताया कि 1986 में घना पर शोध हुआ था, जिससे पता चला था कि घना के लिए 550 एमसीएफटी (मिलियन क्यूबिक फीट) पानी की आवश्यकता होती है। उसके बाद अभी तक पानी की जरूरत व अन्य पहलुओं पर दोबारा घना में शोध नहीं हुआ। अब फिर से घना में पानी की जरूरत व अन्य पहलुओं पर शोध करने के लिए प्रपोजल तैयार कर मुख्यालय को भेजा गया है। मुख्यालय की अनुमति मिलते ही शोध शुरू कर दिया जाएगा। वर्ष 1986 के शोध के आंकड़ों के अनुसार घना में करीब 11 वर्ग किमी वेटलैंड क्षेत्र था, लेकिन अब उद्यान के कदंब कुंज, एफ 1 और एफ 2 ब्लॉक पूरी तरह से सूख गए हैं। कभी ये ब्लॉक वेटलैंड थे, लेकिन अब वुडलैंड बनकर रह गए हैं। घना का वेटलैंड का करीब 11 वर्ग किमी क्षेत्र, करीब 8 वर्ग किमी तक कम होकर रह गया है। ये सब पानी की कमी की वजह से हुआ है। इसी का प्रभाव है कि कई प्रजाति के पक्षियों का यहां आना कम या बिलकुल बंद हो गया है।

**गांव लालवाला में हुआ भीषण हादसा**

# कार की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत, दुर्घटना में 6 घायल



**बेधड़क** | श्रीगंगानगर

जिले में रविवार को हुए एक सड़क हादसा में पिता-पुत्र की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं हादसे में छह लोग गंभीर घायल हो गए। उनको इलाज के लिए हायर सेंटर रैफर किया गया। हादसा इतना भयंकर था कि बाइक दूर जा गिरी और कार का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

श्रीकरनपुर सीओ संजीव चौहान ने बताया कि लालेवाला गांव के पेट्रोल पंप के पास एक कार और बाइक में टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि बाइक सवार अन्य युवक और कार में सवार पांच लोग बुरी तरह घायल हो गए।

सभी घायलों को पास ही के सरकारी अस्पताल लाया गया। सीओ संजीव चौहान ने बताया कि कार में सवार लोग गांव लालपुरा में सतसंग के लिए जा रहे थे। जैसे ही कार गांव लालवाला के पेट्रोल पंप के पास पहुंची, तो कार के आगे चल रही बाइक पेट्रोल पंप की ओर मुड़ गई। इसी दौरान बाइक को बचाने के चक्कर में कार चालक ने कार घुमाई, तो सामने से आ रही बाइक से जा टकराई। इस बाइक पर पिता-पुत्र और भतीजा तीन लोग सवार थे। कार की रफ्तार तेज थी। ऐसे में बाइक टक्कर के बाद काफी दूर जा गिरी। इस हादसे में बाइक पर सवार पिता-पुत्र मौके पर ही मौत का शिकार हो गए। जबकि उनका भतीजा और कार में सवार पांच लोग घायल हो गए।

प्राथमिक उपचार के बाद सभी 6 घायलों को श्रीगंगानगर के लिए रैफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने पर करणपुर सीओ संजीव चौहान और घमुड़वाली एसएचओ पृथ्वीराज, रिडमलसर चौकी प्रभारी सुभाष कुमार मौके पर पहुंचे। मृतक पिता-पुत्र 66 एलएनपी गांव के बताए जा रहे हैं।

**अचानक तेज धमाका होने से सहमे लोग,** बड़ा हादसा टला

# मकान की नींव खुदाई के दौरान पड़ोसी का गैराज जमींदोज

**बेधड़क** | चाकसू

रोडवेज बस स्टैंड के पास मकान निर्माण के लिए नीव की खुदाई के दौरान पड़ोस में स्थित मोटर गेराज धराशायी हो गया। गनीमत यह रही कि हादसा सुबह के वक्त हुआ। इसलिए यहां कर्मचारी कम आए थे और जब हादसा तब कर्मचारी बाहर थे। इससे कोई जनहानि नहीं हुई।

हालांकि गेराज में रखे वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। गौरतलब है कि रोडवेज बस स्टैंड के पास शकील खान का गाड़ियों की रिपेरिंग का गेराज है। इसके पास में एक मकान की नींव व कॉलम खुदाई का कार्य



चल रहा है। रविवार को भी रोजाना की तरह खुदाई का कार्य चल रहा था। इस दौरान शकील खान का गेराज देखते ही देखते भरभराकर गिर गया। इसके तेज धमाके की आवाज से आस-पास लोग सहम गए। उन्हें जब गेरेज के धराशायी होने का पता चला तो वे मौके पर पहुंचे।

खबर लिखे जाने तक किसी भी पक्ष की ओर से पुलिस में मामला दर्ज नही करवाया गया था।

**मानसून में धरती को हरिभरी करने की** तैयारी में जुटा वन विभाग

# नर्सरी में तैयार हो रहे सवा तीन लाख पौधे

**बेधड़क** | कुचामनसिटी

शहर के काला भाटा की ढाणी रोड स्थित वन विभाग की नर्सरी में मानसून को लेकर पौधों को तैयार करने की कवायद शुरू कर दी गई है। वन विभाग को इस मानसून के पहले लगभग सवा तीन लाख पौधे तैयार करने का लक्ष्य दिया गया है।

वन विभाग की नर्सरी में ट्यूबवेल नहीं होने के चलते पौधों को समुचित पानी पिलाने में कई बार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वन विभाग रेंजर संदीप शेखावत ने बताया कि नागौर जिला वन अधिकारी सुनील कुमार के निर्देशों पर कुचामन सिटी वन



विभाग मानसून के मद्देनजर पौधे तैयार करने की तैयारी में जुटा है। वन विभाग की नर्सरी में मानसून को लेकर पौधों को तैयार करने की कवायद शुरू कर दी गई है। इस मानसून के लिए उनके पास एक लाख पौधे पहले से तैयार हैं और सवा दो लाख पौधे तैयार किए जा रहे हैं। इस तरह से इस मानसून में इस बार लगभग सवा तीन लाख पौधों का लक्ष्य है। रेंजर संदीप सिंह शेखावत ने बताया कि कुचामन वन विभाग की नर्सरी में विभिन्न तरह के पेड़ों, फल और फूलों के पौधों को तैयार किया जा रहा है। नर्सरी में नीम, बड़, पीपल, रोहिड़ा, गूलर, शीशम, गुलमोहर, कचनार, खेजड़ी, जामुन,अमरूद, आम, चीकू, गुलाब, मोगरा, बगन बेल, सहित अन्य पौधे तैयार करवाए जा रहे हैं। मानसून तक नर्सरी में विभिन्न प्रजातियों के पौधे तैयार कर लिए जाएंगे। उच्चाधिकारियों के निर्देशों के अनुसार जुलाई माह में पौधों का वितरण शुरू कर दिया जाएगा। क्षेत्रवासी तय की गई दरों पर विभिन्न प्रजातियों के तैयार पौधे ले सकेंगे।

**बखौफ बदमाशों की कारगुजारी**

# लूटपाट के लिए बदमाशों का महिला पर चाकू से हमला, अस्पताल में मौत

**बेधड़क** | अनूपगढ़

जिले के श्रीविजयनगर थाना इलाके में रविवार को दो बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया। इस वारदात को अंजाम देने के लिए दोनों बदमाशों ने एक महिला की कान की बालियां छीनने के लिए चाकू से वार किया। घायल महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई।

पुलिस ने बदमाशों को पकड़ने के लिए नाकाबंदी करवाई है।श्रीविजयनगर थाना प्रभारी गोविंद राम बिश्नोई ने बताया कि मामला जैतसर के नजदीक गांव 3जेकेएम का है, जहां दोनों बदमाशों ने इस घटना को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि गांव में यह महिला अपने घर में कार्य कर रही थी कि अचानक दो बदमाश



घर की दीवार फांद कर घुस गए और महिला की बालियां छीनने की कोशिश करने लगे। महिला के विरोध जताने पर उन्होंने चाकू से हमला कर दिया और दोनों बदमाश बालियां चीन कर फरार हो गए। शोर-शराबा सुनकर आसःपास के लोग एकत्रित हुए और गांव के सरपंच ने महिला को श्रीविजयनगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। इलाज के दौरान इस महिला की मौत हो गई।

### पुलिस ने करवाई नाकाबंदी

घटना के दौरान सूचना मिलने पर श्रीविजयनगर थाना प्रभारी गोविन्द राम जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और हालत का जायजा लिया। पुलिस ने दोनों बदमाशों के बारे में सुराग जुटाए और दोनों को पड़कने के लिए नाकाबंदी करवाई। दोनों बदमाश बाइक पर आये थे और दोनों ने मुंह पर कपड़ा बांध रखा था। थाना प्रभारी गोविन्द राम ने बताया कि महिला के शव को मोर्चरी में रखवाया गया है। पुलिस ने डॉग स्क्वायड से मौके की जांच करवाई और सुराग जुटाने का प्रयास किया।

## बेटे ने मां-बाप और बहन को चाकुओं से गोदा

**बीकानेर।** मानसिक अवसाद से गुजर रहे एक युवक ने अपने मां-बाप और बहन को चाकुओं से गोद डाला। अल सुबह हुई इस घटना से आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई। आस-पड़ोस के लोगों ने तीनों को गंभीर अवस्था में पीबीएम हॉस्पिटल में भर्ती करवाया है। जेएनवीसी थाना क्षेत्र पुलिस ने आरोपी लक्षित टाक को हिरासत में ले लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जेएनवीसी निवासी राकेश, उसकी पत्नी और बेटी को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती करवाया गया है। राकेश की छाती में चाकू से वार किए गए



हैं, जबकि उसकी पत्नी के पेट में और बेटी के गले पर गहरे जख्म हैं। आस-पड़ोस के लोगों ने बताया कि राकेश का पुत्र लक्षित टाक मानसिक रूप से परेशान है तथा उसका इलाज भी चल रहा है। उसने किस बात को लेकर यह हमला किया, इस बारे में अभी कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चाकू बरामद कर लिया है।

स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एंड ग्रामोथान, जयपुर का कला मेला

# इंजीनियरिंग के छात्रों ने जेआईसी में प्रदर्शित की कलाकृतियां

बेधड़क | जयपुर



जयपुर इंटरनेशनल सेंटर में फिक्की फ्लो द्वारा आयोजित जयपुर आर्ट फेयर में 4 और 5 मई को एसकेआईटी जयपुर के इंजीनियरिंग छात्रों द्वारा रचनात्मकता का मनमोहक प्रदर्शन देखा गया।

फाइन आर्ट्स एंड क्राफ्ट क्लब समन्वयक, डॉ. निकेता शर्मा और ईसीए समन्वयक, डॉ. आकृति शर्मा के समन्वय के तहत, कार्यक्रम ने कलात्मक प्रतिभा के साथ इंजीनियरिंग परिशुद्धता के संलयन का प्रदर्शन किया। एसकेआईटी के निदेशक श्री जयपाल मील और फिक्की फ्लो से मयंका मील की उपस्थिति से सुशोभित इस कार्यक्रम में प्रदर्शन करने वाले छात्रों की प्रतिभा और समर्पण का जश्न मनाया गया। उनके कार्य अपने छात्रों के बीच बहुमुखी कौशल को विकसित करने की संस्थान की प्रतिबद्धता का प्रमाण थे। परी मनोज सारस्वत, अदिति शर्मा, यश ठाकुर, आदर्श मोहन सिंह, अद्विका, वंशिका, सृष्टि, नूपुर, विजय कौशिक, कुमकुम मौर्य, लक्ष्य पारीक, तान्या वोहरा और डॉ. निकेता शर्मा सहित प्रदर्शकों ने विविध प्रकार की कलाकृतियां प्रस्तुत कीं, जो मंत्रमुग्ध कर देने वाली थीं। आगंतुकों, कला प्रेमियों और उद्योग पेशेवरों ने इन कलाकृतियों को खूब सराहा।

### हर कलाकृति की अनूठी कहानी

जटिल मूर्तियों से लेकर मनोरम पेंटिंग, मंडला कला, लिपोन कला और ओरिगेमी तक प्रदर्शनियों ने छात्रों की नवीनता, रचनात्मकता और तकनीकी विशेषज्ञता को प्रदर्शित किया। प्रत्येक कलाकृति एक अनूठी कहानी कहती दिखी, जो छात्रों के दृष्टिकोण और प्रेरणाओं को दर्शाती है। अनुज द्वारा ओरिगेमी को अपने ओरिगेमी उत्पादों की विशिष्टता के कारण आगंतुकों से विशेष आकर्षण मिला।

### छात्र कलाकारों को मिला अच्छा मंच

इस कार्यक्रम ने उभरते कलाकारों के लिए नेटवर्क बनाने, विचारों का आदान-प्रदान करने और कला की दुनिया के मूल्यवान अनुभव हासिल करने के लिए एक मंच प्रदान किया। यह अपने छात्रों को पारंपरिक शैक्षणिक डोमेन की सीमाओं से परे उत्कृष्टता प्राप्त करने के अवसर प्रदान करने की SKIT जयपुर की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण था।

**Yuva स्टोरीज**

# बधिर समुदाय ने सांकेतिक भाषा में बताई समस्याएं



बेधड़क | जयपुर।

राज्य और केंद्र सरकार के साथ सुप्रीम कोर्ट से भी बधिर समुदाय को कई तरह के अधिकार दिए जा चुके हैं, लेकिन अभी भी उन अधिकारों की समझ नहीं होने से और सांकेतिक भाषा के अभाव में बधिर समुदाय को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बधिर समुदाय और अन्य दिव्यांगजन को समाज मे समान भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नूपुर संस्थान की जनसुनवाई और संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस जन सुनवाई में विधि विशेषज्ञ, पुलिस और सामाजिक संगठन से जुड़े प्रतिनिधि समस्याओं को सुना और समाधान की दिशा में कार्य किया। नूपुर संस्थान के संस्थापक मनोज भारद्वाज ने बताया कि संस्था के नवाचारों में बधिर व्यक्तियों को समान अवसर और पूर्ण भागीदारी के अवसर प्रदान करने के क्रम में यह जन सुनवाई विशेषकर बधिर समुदाय के लिए आयोजित की गई है। उन्होंने बताया कि बधिर आशार्थियों ने अपनी समस्याओं में मुख्य रूप से दिव्यांगजन प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया और गलत प्रमाण पत्र के कारण सुविधाओ से वंचित होना बताया। कुछ लोगो ने वैवाहिक जीवन मे गृह क्लेश के कारण पारिवारिक मामलों में विशेष रूप से कानूनी मार्गदर्शन प्राप्त किया। साथ ही अन्य प्रकरणों में विशेष रूप से स्थानीय पासपोर्ट कार्यालयों से जुड़ी समस्या, जमीन विवाद, चिकित्सा, रोजगार, चुनाव ड्यूटी जिले के बाहर लगाने, बाहर से आए बधिर आशार्थी के दिव्यांगजन प्रमाण पत्र और UDIB कार्ड, बधिरों को ड्राइविंग लाइसेंस के पात्र मानने के बाद भी ड्राइविंग लाइसेंस प्रक्रिया को सरल न बनाया जाना, RPWD-2016 एक्ट की धारा 44, 45, 46, 47 का उल्लंघन करने के विषय से संबंधित समस्याएं बताई। भारद्वाज ने बताया को कार्यक्रम के अगले चरण में आगामी माह के पहले शनिवार को दो विशेष विषयों पर अधिकारियों को विशेष रूप से शामिल किया जाएगा, ताकि बड़ी संख्या में लोग लाभान्वित हो सके। जनसुनवाई में वरिष्ठ अधिवक्ता और महिला एवं बाल अधिकार अकील , RPWD विशेषज्ञ एडवोकेट अभिमन्यु सिंह शेखवात , NCSC-DA श्रम मंत्रालय भारत सरकार दिविज कुमार, विशेष अधिकारी रोजगार विभाग अविनाश कासलीवाल, यातायात विशेषज्ञ अब्दुल सलीम, डेफ एडवोकेसी ऑफिसर नूपुर संस्थान तरुण कुमार, कार्यक्रम में सांकेतिक भाषा के अनुवाद के लिए अशिफा, सुदेश यादव, दीक्षिका सैनी और अन्य टीम मेंबर्स शामिल रहे।

प्रदेश के 24 शहरों में हुई देश की सबसे बड़ी परीक्षा नीट

# हिंदी वालों को दिया अंग्रेजी में पेपर... चाकू भी चला



बेधड़क | जयपुर

देश भर में सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा (नीट यूजी 2024) की परीक्षा रविवार (5 मई) को दोपहर में आयोजित की गई। प्रदेश के करीब दो दर्जन शहरों में यह परीक्षा ली गई। इस परीक्षा के दौरान कई जिलों में हंगामा भी देखने को मिला। इतना ही नहीं, एक जगह तो एक परीक्षार्थी ने दूसरे परीक्षार्थी को चाकू तक मार दिया, तो कहीं हिंदी मीडियम के परीक्षार्थियों को अंग्रेजी मीडियम में प्रश्न पत्र देने के बाद खूब हंगामा हुआ।

### सवाई माधोपुर में दे दिया अंग्रेजी मीडियम का पेपर

राजस्थान के सवाई माधोपुर में आदर्श विद्या मंदिर में परीक्षा केंद्र बनाया गया, जहां हिंदी मीडियम के परीक्षार्थियों को अंग्रेजी मीडियम का पर्चा थमा देने से जमकर हंगामा हुआ। जब विद्यार्थियों ने इस पर आपत्ति जताई तो उनके साथ ही बदसलूकी की गई। इसके बाद छात्र परीक्षा छोड़कर कैंपस में पहुंच गए। इसके बाद तो परिजनों ने भी हंगामा शुरू कर दिया। इस बीच मारपीट की एक घटना भी सामने आई। इसके बाद पुलिस अधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। वहीं, परीक्षार्थी पर्चा लेकर केंद्र से बाहर निकल गए।

### यहां चला चाकू

परीक्षा के दौरान सीकर जिले में एक परीक्षा केंद्र के बाहर एक परीक्षार्थी ने दूसरे परीक्षार्थी को चाकू मार दिया। बताया जा रहा है कि पेट में चाकू लगने की वजह से यश कुमार नाम का छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं, हमला करने वाले छात्र का नाम नवीन बताया जा रहा है। घायल परीक्षार्थी को गंभीर अवस्था में सीकर रेफर किया गया। खबर है कि दोनों ही परीक्षार्थी एक ही केंद्र पर नीट की परीक्षा दे रहे थे। वहीं नवीन नाम के परीक्षार्थी को हिरासत में लेने के लिए पुलिस परीक्षा केंद्र के बाहर इंतजार करती रही।

### दोनों परीक्षार्थी एक ही संस्थान के

बताया जाता है कि दोनों ही परीक्षार्थी मैट्रिक्स इंस्टीट्यूट सीकर के बताया जा रहे हैं। वारदात दांता कस्बे के स्वामी नित्यानंद इंटरनेशनल एकेडमी परीक्षा केंद्र के बाहर हुई थी। हालांकि, यह पता नहीं चल पाया है कि आखिर परीक्षार्थी को चाकू क्यों मारा गया. अब आरोपी परीक्षार्थी से पूछताछ के बाद ही इस मामले का खुलासा होगा। वहीं घायल परीक्षार्थी की इलाज चल रही है. उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। बहरहाल, राज्य में कुल 24 सेंटर्स पर एक लाख 97 हजार विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में हिस्सा लिया।

इग्नू में जुलाई 2024 सत्र के लिए पुन: पंजीकरण

# 30 जून तक किए जा सकेंगे आवेदन

- ignou.ac.in पर भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों छात्रों के लिए खुला है




बेधड़क | नई दिल्ली/ जयपुर

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने आज, 1 मई से छात्र पोर्टल पर जुलाई 2024 सत्र के लिए फिर से पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिन उम्मीदवारों ने अभी तक पंजीकरण नहीं कराया है, वे विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर फिर से पंजीकरण कर सकते हैं।

इग्नू जुलाई 2024 सत्र के लिए पुनः पंजीकरण की अंतिम तिथि 30 जून है। इग्नू ने विश्वविद्यालय के भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों छात्रों के लिए पोर्टल खोल दिया है। पंजीकरण प्रक्रिया को पूरा करने और प्रवेश के संबंध में पुष्टि और अन्य महत्वपूर्ण अपडेट प्राप्त करने के लिए उम्मीदवारों को अपना मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी प्रदान करना आवश्यक है।

### नाम व पासवर्ड की मदद से करें लॉग इन

पहले से पंजीकृत उम्मीदवार पंजीकरण करने के लिए अपने उपयोगकर्ता नाम और पासवर्ड की सहायता से पोर्टल पर लॉग इन कर सकते हैं। इग्नू ने कहा, "यदि आपको पोर्टल पर पंजीकरण करने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है (ओटीपी नहीं मिलना, उपयोगकर्ता नाम, पासवर्ड भूल जाना या कोई अन्य कठिनाई), तो कृपया अपने खाते को फिर से सेट करने, ईमेल आईडी या मोबाइल नंबर अपडेट करने के लिए अपने क्षेत्रीय केंद्र से संपर्क करें।" छात्रों को पुनः पंजीकरण प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन भुगतान करना होगा। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे पुन: पंजीकरण शुल्क का भुगतान नेट बैंकिंग, कार्ड या यूपीआई के माध्यम से करें। यदि उम्मीदवार ने एक ही आवेदन के लिए दो बार भुगतान किया है, तो एक भुगतान आपके खाते में वापस कर दिया जाएगा। विद्यार्थियों को अपना पाठ्यक्रम सावधानीपूर्वक भरना चाहिए। उम्मीदवार प्रस्तावित पाठ्यक्रमों के विवरण के लिए अपने प्रोग्राम गाइड का उल्लेख कर सकते हैं।

### पुनः पंजीकरण 2024: कैसे करें आवेदन

- उम्मीदवार अंतिम तिथि तक इग्नू जुलाई 2024 के लिए पुनः पंजीकरण करने के लिए नीचे दिए गए चरणों का पालन कर सकते हैं:
- इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट onlinerr.ignou.ac.in पर जाएं। अब, इग्नू जुलाई 2024 सत्र के लिए पुनः पंजीकरण प्रक्रिया के लिए आगे बढ़ें।
- लॉगिन विवरण जैसे आवेदन संख्या और पासवर्ड दर्ज करें और लॉग इन करें।
- आवेदन पत्र भरें, भुगतान करें और फॉर्म जमा करें।
- फॉर्म डाउनलोड करें और भविष्य के संदर्भ के लिए प्रिंटआउट लें।

**क्रियान्विति** | **राष्ट्रीय प्रशिक्षुता संवर्धन योजना (एनएपीएस)**

# प्रशिक्षुओं के नामांकन में 26.08 प्रतिशत की वृद्धि, युवा बने लाभार्थी

बेधड़क | नई दिल्ली/ जयपुर

इस वर्ष राष्ट्रीय प्रशिक्षुता संवर्धन योजना (एनएपीएस) के तहत भारत में प्रशिक्षुओं के नामांकन में 26.08 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अधिकांश प्रशिक्षु महाराष्ट्र से हैं और उसके बाद तमिलनाडु से हैं।

प्रशिक्षुता योजना पहली बार 2016 में शुरू की गई थी और इसे NAPS 2 के रूप में विस्तारित किया गया है। योजना के तहत छात्रों को प्रशिक्षण और हर महीने प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से 1,500 रुपए का वजीफा मिलता है।



राष्ट्रीय कौशल विकास निगम कार्यक्रम के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार है जिसमें वजीफा का वितरण और जागरूकता अभियान, व्यापार मेले (मेला), कार्यशालाएं, सेमिनार और सहभागिता के लिए अन्य कार्यक्रम आयोजित करना शामिल है। वित्तीय वर्ष 2018-19 में कार्यक्रम में कुल 35,333 प्रशिक्षुओं ने नामांकन किया था जो चालू वित्तीय वर्ष में बढ़कर 9,31,406 हो गया है। यह पिछले वित्तीय वर्ष के 7,38,704 प्रशिक्षुओं के नामांकन से 26% अधिक है।




एक आधिकारिक बयान के अनुसार, यह वृद्धि पांच साल की अवधि में 74.76% की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) का प्रतिनिधित्व करती है। इस बार महाराष्ट्र से 2,63,239 प्रशिक्षुओं ने नामांकन किया, इसके बाद तमिलनाडु से 1,01,519, गुजरात से 83,611, कर्नाटक से 78,497 और उत्तर प्रदेश से 71,378 प्रशिक्षु शामिल हुए।

### क्या कहते हैं लाभार्थी

मध्य प्रदेश की रंजना ने प्रयोगशाला प्रौद्योगिकी में प्रशिक्षुता के लिए दाखिला लिया और प्रशिक्षण के बाद उन्हें रोजगार मिल गया। उत्तर प्रदेश के रहने वाले विशाल ने एक प्रशिक्षुता कार्यक्रम में भाग लिया और असेंबली लाइन ऑपरेटर के रूप में नौकरी प्राप्त की। उत्तर प्रदेश के एक अन्य प्रशिक्षु, शिवम ने एक ऑटोमोटिव पाठ्यक्रम में दाखिला लिया और औरंगाबाद स्थित ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग कंपनी में ऑटोमोटिव सीएनसी मशीनिंग तकनीशियन बन गए।

NAPS: वर्षवार नामांकन

| | |
|---|---|
| 2018-19 | 35333 |
| 2019-20 | 206903 |
| 2020-21 | 307742 |
| 2021-22 | 590189 |
| 2022-23 | 738704 |
| 2023-24 | 931406 |
| कुल | 2810277 |

(यहां 2022-23 से चालू वित्तीय वर्ष तक नामांकित प्रशिक्षुओं की वर्ष-वार संख्या दी गई है।)

# कम मतदान ने बढ़ाई भाजपा की परेशानी



**प्रमोद भार्गव**
वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार

देश में हुए दो चरणों के चुनाव में 190 सीटों पर मतदान हो चुका है। यानी कुल 543 में से 35 प्रतिशत संसदीय क्षेत्रों के उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में बंद हो चुका है। इन दो चरणों में हुए कम मतदान ने राजनीतिक दलों के साथ मतदाता को भी भ्रमित कर दिया है। जबकि चुनाव प्रचार चरम पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तो ओबीसी के कोटे में कांग्रेस द्वारा कर्नाटक में मुस्लिमों को आरक्षण देने का मुद्दा उछालकर हिंदु वोटों को ध्रुवीकृत का काम भी किया, बावजूद मतदान का नहीं बढ़ना भाजपा के लिए चिंता का सबब बन गया है। मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के बाद दूसरे चरण में भी मतदान में कमी ने भाजपा नेताओं की परेशानी बढ़ा दी है। दूसरे चरण में उन महिला मतदाताओं अर्थात लाडली बहनों ने भी कम मतदान किया है, जिन्होंने विधानसभा चुनाव में बढ़-चढ़कर मतदान करके भाजपा को 163 सीटें दिलाई थीं। मतदाता के इस रुख के चलते जीत-हार का अनुमान लगाने वाली एजेंसियां भी असमंजस में है। मतदाता की उदासीनता ने ऊंट किस करवट बैठेगा, यह संषय बढ़ा दिया है।

लोकतंत्र में वैसे तो जनता देश की भाग्य-विधाता होती है, लेकिन जीत के बाद नेता और दल जनता के भाग्य-विधाता विकास का दावा करते-करते बन जाते है। इस कथित भाग्य-विधाता की दूसरे चरण में हुए कम मतदान के बाद नींद उड़ी हुई है। कम मतदान को राजनैतिक दल अपने हिसाब से परिभाषित करते हैं। ज्यादातर इसे सत्ताधारी दल के विपरीत हुआ मतदान माना जाता है। लेकिन नरेंद्र मोदी के आक्रामक प्रचार और हिंदुओं के धुरवीकरण की रणनीति के चलते फिलहाल यह कहना जल्दबाजी होगी कि मतदाता ने अपना रुख बदल दिया है। 60 प्रतिशत के आसपास पहुंचा मतदान अभी भी इस बात का संकेत है कि समूचे देष में भाजपा की बढ़त बनी हुई है। लेकिन जिस मध्यप्रदेश में भाजपा को लाडली बहनों से सबसे ज्यादा उम्मीद थी, वे मतदान के प्रति उदासीन दिखाई दी है। दूसरे चरण में खजुराहो, टीकमगढ़, दमोह, होशांगाबाद, रीवा और सतना में 59 प्रतिशत मतदान हुआ है। जबकि यहां 2019 में 67 प्रतिशत मतदान हुआ था। 2019 की तुलना में इनमें से चार सीटों पर महिलाओं ने कम मतदान किया है। टीकमगढ़ में 2019 में 63.80 प्रतिशत मतदान हुआ था, जबकि 2024 में 56.35 प्रतिशत रह गया। सतना में 2019 में 70.77 था, जो अब 59.21 रह गया। खजुराहो में 2019 में 64.76 प्रतिशत मतदान हुआ था, जो अब 53.06 रह गया। हालांकि दमोह और होशांगबाद में महिलाओं ने वोट 2019 की तुलना में ज्यादा डाले।

> देश और मध्यप्रदेश में कम मतदान की झलक यह जता रही है कि फिलहाल कांग्रेस शून्य नहीं हो रही है। सुविधा भोगी मतदाता ने कम मतदान किया है। ज्यादातर शहरी मतदाता इन दोनों चरणों में शुक्रवार को मतदान के चलते शनिवार और रविवार की छुट्टी होने के कारण सपरिवार पर्यटन पर निकल गया। नतीजतन ऐसे लोगों ने मतदान की जिम्मेदारी से पलड़ा झाड़ लिया।

दो चरणों में 190 सीटों पर हुए मतदान में ज्यादातर सीटों पर कम मतदान के चलते भाजपा को झटका लगा है। जबकि अच्छे मतदान के लिए भाजपा ने प्रत्येक मतदान केंद्र पर सूक्ष्म प्रबंधन के दावे किए थे। कार्यकर्ताओं को जुटाकर अमित शाह तक ने मतदाता को मतदान केंद्र तक पहुंचाने के गुर सिखाए थे। उधर जिला प्रशासन भी अधिक मतदान के लिए उन सब टोने-टोटकों को आजमाता रहा है, जिन्हें मतदान बढ़ाने का परंपरागत फार्मूला माना गया है। हालांकि इन टोटकों में ज्यादा कुछ असरकारी कभी दिखाई नहीं दिया। प्रशासन की हुंकार पर सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों, आंगनवाड़ी महिला कार्यकर्ताओं और स्व-सहायता समूह की महिलाओं को इकट्ठा करके मानव श्रृंखला बनाकर और कुछ नारे लगाकर इन टोटकों की इतिश्री न केवल प्रदेश बल्कि पूरे देश में कर ली जाती है। जिसके नतीजे लगभग शून्य होते हैं।

बहरहाल भाजपा संगठन इस तैयारी में लगा रहा था कि मतदान लगभग 10 प्रतिशत तक बढ़ जाए। इस नाते भाजपा ने प्रत्येक मतदान केंद्र पर 370 वोट बढ़ाने का पाठ भी कार्यकर्ताओं को पढ़ाया था। परंतु हुआ इसका उल्टा, 10 से 12 प्रतिशत तक मत-प्रतिशत कम हो गया। साफ है, वोट बढ़ाने का फार्मूला कारगर साबित नहीं हुआ है। संभव है अगले पांच चरणों में भी अब यही ट्रैंड देखने में आए? मध्यप्रदेश में भाजपा ने विधानसभा चुनाव में युद्ध स्तर पर मतदान केंद्रों तक मतदाता को पहुंचाने की जिम्मेबारी लेते हुए वोट-प्रतिशत 48.55 प्रतिशत तक पहुंचा दिया था। इसी का नतीजा रहा कि 230 विधानसभा सीटों में से भाजपा ने 163 सीटों पर विजय प्राप्त कर ली थी। भाजपा के इस केंद्र प्रबंधन की तारीफ भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में भी हुई। अतएव इसी फार्मूले को लोकसभा चुनाव में भी अजमाने के प्रबंध किए गए। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को कार्यशालाएं लगाकर प्रशिक्षित भी किया गया। लेकिन मत-प्रतिशत बढ़ने की बजाय घट गया। कार्यकर्ता और मतदाता के उदासीन होने के कारणों में विधानसभा चुनाव परिणाम में स्पष्ट बहुमत के बावजूद मुख्यमंत्री के चयन में उम्मीद से ज्यादा देरी और फिर मंत्रीमंडल के गठन में भी इसी देरी को दोहराना प्रमुख कारण रहे हैं। इस उदासीनता के पीछे एक बड़ा कारण शिवराज सिंह चैहान को हाशिए पर डालना भी रहा है। जबकि विधानसभा चुनाव में जीत का प्रमुख आधार उनकी लाडली लक्ष्मियां और बहनें रही हैं। शिवराज की लोक-लुभावन भाषण कला भी इस बड़ी जीत का एक राज रही है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## हाल-ए-पाकिस्तान

# पाकिस्तान के दमन से उबलता पीओके



**अरविंद जयतिलक**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> 26 अक्टुबर, 1947 को कश्मीर के राजा हरि सिंह ने पाकिस्तानी कबायली आक्रमणकारियों से बचाने के लिए भारत सरकार से सैनिक सहायता की मांग की और कश्मीर को भारत में सम्मिलित करने की प्रार्थना की। भारत सरकार ने उनके प्रस्ताव को स्वीकार लिया और 6 फरवरी, 1954 को कश्मीर की संविधान सभा ने एक प्रस्ताव के जरिए जम्मू-कश्मीर राज्य का विलय भारत में होने की पुष्टि की।

भले ही पाकिस्तान और उसके हुक्मरान पीओके (पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर) को आजाद कश्मीर का तमगा दें  लेकिन सच यही है कि यहां के लोगों के हालात गुलामों से भी बदतर हो चुका है। यहां के लोग पाकिस्तानी सेना के अत्याचार और दमन से इस कदर पीड़ित हैं कि वे अतिशीध्र भारत में विलय को तैयार हैं। पीओके के लोगों का कहना है कि वे वास्तविक रुप से वे भारत के ही हिस्सा हैं लेकिन पाकिस्तान ने जबरन उनपर कब्जा कर रखा है। पीओके के नागरिक पाकिस्तानी सेना के अत्याचार से ऊब चुके हैं और अब बगावत के लिए तैयार हैं। उनका हौसला इसलिए भी बुलंद है कि गुलाम कश्मीर को वापस लेने के लिए भारत मन बना लिया है। याद होगा अभी 2022 में भारतीय सेना के प्रमुख रह चुके जनरल मनोज मुकुंद नरवाने ने कहा था कि अगर संसद आदेश देगी तो पीओके पर हमारा कब्जा होगा। यहां ध्यान रखना होगा कि देश के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा भी संसद में कहा जा चुका है कि पीओके भारत का हिस्सा है और वह इसे लेकर रहेंगे। उधर, पीओके के नागरिक पाकिस्तानी सेना के बढ़ते अत्याचार और दमन के खिलाफ 'करो या मरो' के लिए कमर कस लिए हैं। स्थानीय नागरिकों द्वारा पाकिस्तानी सेना के खिलाफ लगातार पाकिस्तानी फौजियों कश्मीर छोड़ों का आंदोलन चलाया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी पीओके के राजनीतिक कार्यकर्ता जेनेवा में पाकिस्तानी सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी मानें तो पाकिस्तान की सेना पीओके में मानवाधिकार का उलंघन कर रही है और प्राकृतिक संसाधनों को लूट रही है। पीओके में बढ़ते अत्याचार और मानव अधिकारों को लेकर हो रहे प्रदर्शन से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान की फजीहत बढ़ रही है। इससे बचने के लिए कभी उसके प्रधानमंत्री मुजफ्फराबाद का दौरा कर रहे हैं तो कभी भारत के खिलाफ अनर्गल प्रलाप कर दुनिया का ध्यान बंटा रहे हैं। लेकिन सच्चाई यहीं है कि उसके हाथ से अब पीओके सरक रहा है। गौर करें तो पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर यानी पीओके यह मूल कश्मीर का वह भाग है जिस पर पाकिस्तान ने 1947 में हमला कर जबरदस्ती अधिकार कर लिया था। जबकि असल में यह क्षेत्र भारत का है। 26 अक्टुबर, 1947 को कश्मीर के राजा हरि सिंह ने पाकिस्तानी कबायली आक्रमणकारियों से बचाने के लिए भारत सरकार से सैनिक सहायता की मांग की और कश्मीर को भारत में सम्मिलित करने की प्रार्थना की। भारत सरकार ने उनके प्रस्ताव को स्वीकार लिया और 6 फरवरी, 1954 को कश्मीर की संविधान सभा ने एक प्रस्ताव के जरिए जम्मू-कश्मीर राज्य का विलय भारत में होने की पुष्टि की। भारत सरकार ने भारतीय संविधान में संशोधन कर 14 मई, 1954 को अनुच्छेद 370 के अंतरगत जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा दिया और 26 जनवरी, 1957 को जम्मू-कश्मीर का संविधान लागू हो गया। पीओके की सीमाएं पाकिस्तानी पंजाब एवं उत्तर पश्चिमी सीमा प्रांत से पश्चिम में, उत्तर-पश्चिम में अफगानिस्तान के वाखान गलियारे से, चीन के जिनजियांग उइगर स्वायत क्षेत्र से उत्तर और भारतीय कश्मीर से पूर्व में लगती है। इस क्षेत्र के पूर्व कश्मीर राज्य के कुछ भाग ट्रांसकराकोरम ट्रैक्ट को पाकिस्तान द्वारा चीन को दे दिया गया है तथा शेष क्षेत्र को दो भागों (उत्तरी क्षेत्र एवं आजाद क्षेत्र) में विलय कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि इसी मसले पर 1947 में भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ और पाकिस्तान को करारी शिकस्त मिली। भारत ही नहीं बल्कि संयुक्त राष्ट्र सहित समेत अन्य अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा भी इस क्षेत्र को पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) ही कहा जाता है। भारत सरकार ने भारतीय संविधान में संशोधन कर 14 मई, 1954 को अनुच्छेद 370 के अंतरगत जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा दे दिया और 26 जनवरी, 1957 को जम्मू-कश्मीर का संविधान लागू हो गया। लेकिन भारत की तत्कालीन नेहरु सरकार द्वारा देर से लिए गए निर्णय के कारण पाकिस्तान ने गिलगित व बाल्टिस्तान में कबायली भेजकर लगभग आधे कश्मीर पर कब्जा कर लिया। पाकिस्तान के कब्जे के बाद भारत ने दावा किया कि महाराजा हरि सिंह से हुई संधि के परिणामस्वरुप पूरे कश्मीर राज्य पर (पाक अधिकृत कश्मीर एवं आजाद कश्मीर) भारत का अधिकार है। लेकिन पाकिस्तान इसे मानने को तैयार नहीं है। हालांकि गौर करें तो कश्मीर समस्या का निपटारा 1947 में ही हो गया होता जब भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सैनिकों को रौंदते हुए अपनी बढ़त बना ली थी। लेकिन तत्कालीन जवाहरलाल नेहरु की सरकार की ढुलमुल नीति और अदूरदर्शिता के कारण कश्मीर का एक बड़ा हिस्सा भारत के हाथ से निकल गया। दरअसल नेहरु ने 31 दिसंबर 1947 को संयुक्त राष्ट्र संध से अपील कर डाली कि वह पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी लूटेरों को भारत पर आक्रमण करने से रोके। नेहरु के इस गुहार से भारतीय सेना के हाथ बंध गए और 1 जनवरी 1949 को भारत-पाकिस्तान के मध्य युद्ध विराम की घोषणा हो गयी। युद्ध विराम हो जाने के बाद पाकिस्तान कश्मीर के 32000 वर्गमील क्षेत्रफल पर कुंडली मारकर बैठ गया और इस क्षेत्र को आजाद कश्मीर का नाम दे दिया। उल्लेखनीय है कि 1949 से लेकर 1953 तक संयुक्त राष्ट्र में कश्मीर समस्या पर गहन वाद-विवाद हुआ। संयुक्त राष्ट्र के भारत पाक आयोग ने 13 अगस्त 1948 तथा 6 जनवरी 1949 को हुए समझौते के आधार पर तीन महत्वपूर्ण चरणों में फैसला किया-एक युद्ध विराम, दूसरा अल्पकालीन संधि और तीसरा जनमत संग्रह। इसका प्रथम चरण अर्थात युद्ध विराम 1 जनवरी 1949 से प्रभावी हो गया लेकिन बाद के दो चरण और उनकी व्याख्या को लेकर दोनों देशों में उत्पन हुए गतिरोधों के कारण लागू नहीं हो सके। इसीलिए इस आयोग ने 5 दिसंबर 1949 को सौंपी गयी अपनी अंतरिम रिपोर्ट में स्वीकार किया कि राज्य (कश्मीर) की स्थिति परिवर्तित हो गयी है। लेकिन पाकिस्तान अभी भी अपनी पुरानी नीति पर कायम है। लेकिन सच यह है कि पाकिस्तान कश्मीर के जिस हिस्से को आजाद कश्मीर कहता है वह असल में गुलाम कश्मीर है और यहां नाम भर की सरकार है। असल कब्जा तो पाकिस्तान की सेना की है। पाकिस्तान सेना की मदद से यहां के सामाजिक स्वरुप को योजनाबद्ध तरीके से बदला जा रहा है और आतंकी संगठन जमात-उद-दावा का सरगना हाफिज सईद यहां शरिया लागू करने के लिए अभियान चला रहा है। नतीजतन बाहर से आए लोगों का बोलबाला बढ़ रहा है और स्थानीय मूल समाज हाशिए पर जा पहुंचा है। दुनिया को यह पता है कि यहां पाक सेना और उसकी खुफिया एजेंसी आइएसआइ अपने खतरनाक मंसूबों को अंजाम देने के लिए आतंकियों को प्रशिक्षित कर रही है। यहां 1947 से ही भारत के खिलाफ आतंकवाद का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके लिए पाकिस्तान की भारत विरोधी आतंकी नीति ही जिम्मेदार है। यहां समझना होगा कि पाकिस्तान की विदेश नीति का मुख्य लक्ष्य किसी भी तरह जम्मू-कश्मीर को हड़पना है। उसकी परराष्ट्र नीति का मूल प्रेरणा स्रोत भारत का भय और उसके निवारण के लिए मित्रों की खोज करना है। इसीलिए वह बार-बार अंतर्राष्ट्रीय मंचों के जरिए जम्मू-कश्मीर का मसला उठाकर भारत को विश्व बिरादरी से अलग-थलग करने का प्रयास करता है। इसके लिए वह कश्मीर में आतंक का समर्थन करता है और आतंकियों के मारे जाने पर उसकी आड़ में भारत के खिलाफ मानवाधिकार हनन का दुष्प्रचार करता है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# पैसे बिना काहे का चुनाव



**दिनेश विजयवर्गीय**
व्यंग्यकार

एक बार हमारी कॉलोनी के मंदिर परिसर में एक संत महाराज प्रवचन दे रहे थे। श्रद्धालुओं से पैसे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि आज पैसे की बदौलत ही सारी दुनिया गतिमान है। लोगों में इसे अधिक कमाने की आपाधापी मची रहती है। आज धर्म की प्रभावना ,कलश यात्राएं, संत महात्माओं के प्रवचन सभी पैसों की उपलब्धता पर निर्भर है।

लोकतंत्र में जनप्रतिनिधि चुनने के लिए लोकतंत्रीय उत्सव में चुनावी चहल पहल पैसों से ही संचालित होती है। पैसे हैं तो घर आंगन के तख्ते पर बैठकर भी चुनाव लड़ सकते हैं । जहां लक्ष्मी खनखनाती है वहां कई चुनावी मौसमी कार्यकर्ता उम्मीदवार की सेवा में खड़े मिल जाएंगे। वह जैसा चाहेगा , वैसा प्रचार-प्रसार कर देंगे। शहर में चुनावी माहौल के लिए बैनर पोस्टर होर्डिंग सजा देंगे ।अखबारों में विज्ञापन की झड़ी लगा देंगे। बस पैसे की नदिया कल कल बहती रहना चाहिए।

जीतने वाली पार्टी के लिए टिकटों की चाहत में मारामारी मची रहती है । जिसे टिकट मिल गया वह समझता है कि लोकतंत्र की गंगा में डुबकी लगाने का अवसर मिल गया। और इसके उलट जिस पार्टी की जीतने की संभावना कम रहती है वहां टिकट की मारामारी नहीं होती।मिल जाए तो ठीक नहीं तो घर बैठे माला जपो। अब तो नई परंपरा और विकसित हो गई। नामांकन के बाद जब नाम वापस लेने का दिन आता है तो संभावित हार के डर और लाखों रुपए की बर्बादी होने के फेर में वह नाम वापस लेलेता हैं । ऐसे में बैठे-ठाले विपक्षी दल को जीत सहज ही थाली में परोसी जारही है ।अब तो यह परंपरा भी विकसित होने लगी है कि टिकट मिलने के बाद जीत की संभावना दूर की कोड़ी नजर आती है तो , पैसे नहीं का बहाना बनाकर उम्मीदवार एन वक्त पर चुनाव लड़ने से मना कर देता है ।आखिरी समय में पार्टी आलाकमान के सामने समस्या खड़ी हो जाती है। क्या करें क्या ना करें?

अब चुनाव की तैयारी बेतरणी बिना अर्थ सुविधा के पार होना किसी कंटीली राह पर चलने जैसा है। उम्मीदवार तो पार्टी को अपना सुरक्षित बहाना तलाश , अपनी बात कर देता है। लेकिन पार्टी अपने संभावित जीत के आंकड़ों पर शंका की दृष्टि से देखने लगती है । सचमुच ! आज लोकतंत्र के चुनाव में पैसे की मायाअपरमपार है । पैसे बिना काहे का चुनाव?



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
यदुवंशियों के नाम पर राजनीति करने वाले, आपको शहजादे की आरती उतारनी हो तो उतारो। मोदी तो भगवान श्री कृष्ण की आरती उतारेगा।



**दीया कुमारी,** उपमुख्यमंत्री, राजस्थान
@KumariDiya
नारी सशक्तिकरण की बयार।
राष्ट्र के स्वर्णिम विकास का आधार।।



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
गरीब परिवार की महिलाएं अब पढ़ाई और दवाई जैसी बुनियादी ज़रूरतों के लिए अपने अनमोल गहने गिरवी नहीं रखेंगी। कांग्रेस की महालक्ष्मी योजना से मिलने वाले 8,500 रुपए/महीना गरीब परिवार को ताकत और सुरक्षा देंगे।



**जया किशोरी (वक्ता),** आध्यात्मिक मार्गदर्शक
@iamjayakishori
कभी कभी कुछ ना कह के सिर्फ सामने वाले को सुन लेने से भी आप उनकी बहुत मदद कर सकते है।

## नॉलेज कॉर्नर: अक्षय तृतीया पर्व 10 को, मांगलिक कार्यों के लिए स्वयंसिद्ध मुहूर्त

# इस दिन किए गए शुभ कर्मों का पुण्य रहता है अक्षय

हिंदू धर्म में अक्षय तृतीया के पर्व का विशेष महत्व होता है। हिंदू मान्यताओं के अनुसार यह तिथि बहुत ही शुभ और महत्वपूर्ण मानी गई है। इस वर्ष अक्षय तृतीया का पावन पर्व 10 मई को है। वैदिक पंचांग के अनुसार अक्षय तृतीया का पर्व हर वर्ष वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। अक्षय का अर्थ होता है, जिसका कभी क्षय न हो या फिर जिसका कभी नाश न हो। इस तिथि को अबूझ मुहूर्त माना गया है, यानी इस तिथि पर किसी भी शुभ कार्य और मांगलिक कार्य को करने के लिए मुहूर्त का विचार नहीं करना पड़ता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस शुभ पर्व पर किया जाने वाले दान-पुण्य, पूजा-पाठ और शुभ कर्म करने पर मिलने वाले पुण्य क्षीण नहीं होते। इस दिन मां लक्ष्मी की पूजा करने का विशेष महत्व होता है। ऐसे में आइए जानते हैं इस पर्व के बारे में।

### अक्षय तृतीया तिथि और पूजा का शुभ मुहूर्त

इस वर्ष अक्षय तृतीया का पर्व शुक्रवार, 10 मई को मनाया जाएगा। वैदिक पंचांग के अनुसार वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि की शुरुआत 10 मई को सुबह 4 बजकर 17 मिनट पर होगी और समापन रात्रि 2 बजकर 50 मिनट पर होगा। अक्षय तृतीया त्योहार पर मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की पूजा के लिए शुभ मुहूर्त सुबह 5 बजकर 48 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 23 मिनट तक रहेगा। शास्त्रों में अक्षय तृतीया तिथि को स्वयं सिद्ध अबूझ मुहूर्त



माना गया है। यानी इस तिथि पर बिना मुहूर्त का विचार किए सभी प्रकार के शुभ कार्य संपन्न किया जा सकता है। इस दिन कोई भी शुभ मांगलिक कार्य जैसे विवाह, गृह प्रवेश, सोने-चांदी के आभूषण. घर, भूखंड या वाहन आदि की खरीदारी से सम्बंधित कार्य किए जा सकते हैं। ऐसी मान्यता है कि इस अबूझ मुहूर्त की तिथि पर व्यापार आरम्भ, गृह प्रवेश, वैवाहिक कार्य, सकाम अनुष्ठान, दान-पुण्य,पूजा-पाठ अक्षय रहता है अर्थात वह कभी नष्ट नहीं होता।

### अक्षय तृतीया से जुड़े 10 महत्वपूर्ण तथ्य

भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम की जयंती भी मनाई जाती है। अक्षय तृतीया पर ही सतयुग और त्रेतायुग का प्रारंभ हुआ था। भगवान विष्णु के अवतार नर-नारायण और हयग्रीव का अवतरण दिवस, ब्रह्माजी के पुत्र अक्षय कुमार का आविर्भाव, वेद व्यास और श्रीगणेश ने महाभारत ग्रंथ का लेखन प्रारंभ किया, महाभारत के युद्ध का समापन हुआ। अक्षय तृतीया पर ही मां गंगा का पृथ्वी में आगमन हुआ था। इस तिथि पर ही हर वर्ष बद्रीनाथ के कपाट खोले जाते हैं। अक्षय तृतीया तिथि पर ही वृन्दावन के श्री बांकेबिहारी मंदिर में सम्पूर्ण वर्ष में केवल एक बार श्री विग्रह के चरणों के दर्शन होते हैं। इसी दिन उड़ीसा के प्रसिद्धि पुरी रथ यात्रा के लिए रथों के निर्माण का कार्य शुरू हो जाता है।

### अक्षय तृतीया का महत्व

*अक्षय तृतीया को परशुराम जयंती के रूप में भी मनाई जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अक्षय तृतीया तिथि पर ही त्रेता और सतयुग का आरंभ भी हुआ था, इसलिए इसे कृतयुगादि तृतीया भी कहते हैं। इसकी अधिष्ठात्री देवी पार्वती हैं। इस पर्व पर किए गए पुण्य कर्म अक्षय हो जाते हैं। कंटेंट: गोपाल शर्मा*

### प्राण प्रतिष्ठा के बाद बाद पहली बार अयोध्या पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# रामलला के दर्शन के बाद PM मोदी का रोड शो... उमड़ा समर्थकों का हुजूम

**एजेंसी** | अयोध्या

लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार रैलियां कर रहे हैं। रविवार शाम पीएम मोदी यूपी के इटावा के बाद अयोध्या पहुंचे। अयोध्या पहुंचने पर पीएम मोदी राम जन्मभूमि मंदिर में जाकर रामलला का आशीर्वाद लेने के बाद अपना भव्य रोड शो शुरू किया। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और बीजेपी के कैंडिडेट लल्लू सिंह भी रथ पर पीएम मोदी के साथ मौजूद रहे। पीएम मोदी के अयोध्या दौरे को लेकर पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। पीएम मोदी अयोध्या में श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल लेने के बाद पहली बार अयोध्या पहुंचे थे। यह वजह रही कि लोग बड़ी संख्या में पीएम मोदी की एक झलक पाने को उतावले नजर आए। रोड शो के दौरान पीएम मोदी के एक्स हैंडल से ट्वीट किया गया। इसमें कहा गया कि अयोध्यावासियों का हृदय भी प्रभु श्री राम जैसा विशाल है। रोड शो में आशीर्वाद देने आई जनता जनार्दन का अभिनंदन!



### स्वागत के लिए 100 क्विंटल फूल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अयोध्या के रोड शो में उन पर फूलों की बारिश की गई। पीएम मोदी रोड शो करते हुए सुग्रीव किला से लता चौक तक पहुंचे। पीएम मोदी के स्वागत के लिए करीब 75 जगहें तैयार की गई थी, जहां समाज के अलग-अलग वर्ग के लोगों ने फूल बरसाकर उनका स्वागत किया। इसके लिए 100 क्विंटल फूल जुटाए गए थे, जिनमें गुलाब की पंखुड़ियां सबसे ज्यादा मात्रा में जुटाई गई थी। मोदी का रोड शो जन्मभूमि पथ से लता चौक तक दो किलोमीटर तक हुआ। इस दौरान सड़क को फूलों से सजाया गया था। रोड शो के लिए विशेष रूप से अनुभवी शंख वादकों के साथ-साथ बनारस से ढोल और नगाड़ा वादकों को बुलाया गया था।

### 5वें चरण में वोटिंग 20 मई को

अयोध्या और फैजाबाद में पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होगा। पांचवें चरण में मोहनलालगंज, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशांबी, बाराबंकी, कैसरगंज और गोंडा में भी वोटिंग होगी। अयोध्या (फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र) से बसपा ने ब्राह्मण चेहरे को उम्मीदवार बनाया है। मायावती ने अंबेडकरनगर के बीजेपी के जिलाध्यक्ष रहे सच्चिदानंद पांडेय 'सचिन' को बसपा में शामिल करने के बाद अयोध्या से टिकट दिया है। उधर, इस सीट पर बीजेपी ने लल्लू सिंह और समाजवादी पार्टी-कांग्रेस अलायंस ने अवधेश प्रसाद पर भरोसा जताया है।

### लोकसभा चुनाव 2024: तीसरे चरण का चुनाव प्रचार थमा

# कल EVM में कैद होगी कई दिग्गजों की किस्मत



**एजेंसी** | नई दिल्ली

देश में चल रहे लोकसभा चुनाव में अब तक दो चरण की वोटिंग हो चुकी है। इसके बाद अब 7 मई को तीसरे चरण की वोटिंग होगी। तीसरे चरण की वोटिंग के चलते रविवार शाम चुनाव प्रचार थम गया और अब 7 मई को 12 राज्यों की 94 सीटों पर वोटिंग होगी। तीसरे चरण के चुनाव में अमित शाह, शिवराज चौहान, दिग्विजय सिंह, डिंपल यादव, सुप्रिया सुले समेत कई दिग्गजों का फैसला होगा। अब तक देश में लोकसभा के पहले चरण में 21 राज्यों की 102 सीटों पर मतदान हुआ, फिर 26 अप्रैल को दूसरे चरण में 88 सीटों पर मतदान हुआ, जिसके बाद अब 7 मई को तीसरे चरण के मतदान होंगे। इसके बाद 13 मई को चौथे, 20 मई को पांचवे, 25 मई को छठे, 1 जून को सातवें चरण के मतदान होंगे। 4 जून को वोटों की गिनती की जाएगी।

### किन राज्यों में होंगे मतदान

तीसरे चरण में कर्नाटक, मध्य प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, पश्चिम बंगाल, दादरा और नगर हवेली/दमन और दीव , जम्मू-कश्मीर में वोटिंग होगी। हालांकि चुनाव आयोग ने जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग रजौरी सीट पर मतदान की तारीख में बदलाव किया है। अब यहां 25 मई को छठे चरण में वोटिंग होगी। चुनाव आयोग मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान के कई कार्यक्रम कर रहा है।

### महाराष्ट्र में 11 सीटों पर मतदान

महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीट पर पांच चरण में वोटिंग होगी। पहले चरण (19 अप्रैल) में रामटेक, नागपुर, भंडारा-गोंदिया, गढ़चिरौली-चिमूर और चंद्रपुर की सीटों पर मतदान हो चुका है। दूसरे चरण में बुलढाणा, अकोला, अमरावती, वर्धा, यवतमाल-वाशिम, हिंगोली, नांदेड़ और परभणी पर वोटिंग हो चुकी है। अब तीसरे चरण में रायगढ़, बारामती, उस्मानाबाद, लातूर, सोलापुर, माढा, सांगली, सतारा, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग, कोल्हापुर और हातकणंगले समेत 11 सीटों पर मतदान होगा।

### कर्नाटक की 14 सीटों पर वोटिंग

कर्नाटक की 28 सीटों पर 2 चरणों में वोटिंग होगी। तीसरे चरण में 7 मई को चिकोडी, बेलगाम, बागलकोट, बीजापुर, गुलबर्गा, रायचूर, बीदर, कोप्पल, बेल्लारी, हावेरी, धारवाड़, उत्तर कन्नड़, दावनगेर और शिमोगा की सीटों पर वोटिंग होगी। इससे पहले दूसरे चरण में डुपी-चिकमगलूर, हासन, दक्षिण कन्नड़, चित्रदुर्ग, तुमकुर, मांड्या, मैसूर, चामराजनगर, बैंगलुरु ग्रामीण, बेंगलुरु उत्तर, बेंगलुरु सेंट्रल, बेंगलुरु दक्षिण, चिकबलपुर और कोलार की सीट पर वोटिंग हो चुकी है।

### असम

7 मई को तीसरे चरण में असम के धुबरी, कोकराझार, बारपेटा और गुवाहाटी में वोटिंग होगी। इससे पहले असम में की 14 में से 10 सीटों पर पहले और दूसरे चरण में मतदान हो चुका है।

### इन दिग्गजों का भाग्य लगा दांव पर

तीसरे चरण के लिए मतदान के बाद 7 मई को जिन दिग्गजों की किस्मत ईवीएम में बंद हो जाएगी... उनमें केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का नाम शामिल है...। वे गुजरात की गांधीनगर सीट से बीजेपी के उम्मीदवार हैं। मध्यप्रदेश में विदिशा से शिवराज सिंह चौहान, गुना शिवपुरी से ज्योतिरादित्य सिंधिया और राजगढ़ में दिग्विजय सिंह का नाम शामिल है। इनके अलावा उत्तरप्रदेश में मुलायम परिवार की डिंपल यादव, अक्षय यादव, आदित्य यादव के भाग्य का फैसला भी मंगलवार को होगा। महाराष्ट्र की बारामती सीट पर शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले और अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार की किस्मत का फैसला भी ईवीएम में बंद हो जाएगा।

## इन VVIP सीटों पर भी होगी वोटिंग

### गांधीनगर से दूसरी बार शाह



बीजेपी की पारंपरिक लोकसभा सीट गांधीनगर है। इस सीट बीजेपी ने अपने कद्दावर नेता और गृह मंत्री अमित शाह को दूसरी बार मैदान में उतारा है। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने पांच लाख से ज्यादा वोटों से जीत हासिल की थी। अमित शाह से पहले इस सीट पर भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी दबदबा था।

### मैनपुरी से डिंपल की अग्नि परीक्षा



समाजवादी पार्टी का गढ़ कहे जाने वाली मैनपुरी लोकसभा सीट पर तीसरे चरण में वोटिंग होनी है। इस सीट पर सपा ने अपनी मौजूदा सांसद डिंपल यादव को चुनावी मैदान में उतारा है। डिंपल ने इस सीट पर साल 2022 में मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद हुए उपचुनाव में जीत हासिल की थी। इससे पहले डिंपल यादव कन्नौज लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुकी है, लेकिन 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में डिंपल को बीजेपी के सुब्रत पाठक ने शिकस्त दे दी थी।

### दुर्ग में ननद-भाभी में मुकाबला



एनसीपी का दुर्ग मानी जाने वाली बारामती लोकसभा सीट पर इस बार समीकरण पूरी तरह से बदले हुए हैं। एनसीपी में टूट के बाद इस सीट पर मुकाबला दिलचस्प हो गया है। इस सीट से एनसीपी (शरद पवार) ने अपनी बेटी सुप्रिया सुले को अपना प्रत्याशी बनाया है, जबकि डिप्टी सीएम अजित पवार ने अपनी पत्नी सुनेत्रा पवार के मैदान में उतारा है।

### राजगढ़ में दिग्विजय की चुनौती



एमपी की राजगढ़ लोकसभा सीट से कांग्रेस ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को टिकट दिया है। दिग्विजय सिंह का मुकाबला यहां के दो बारे के बीजेपी सांसद रोडमल नागर से होगा। रोडमल नागर ने 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में शानदार जीत हासिल की है।

### पठान से अधीर का मुकाबला

पश्चिम बंगाल की बहरामपुर लोकसभा सीट पर कांग्रेस ने एक बार फिर से अधीर रंजन चौधरी पर भरोसा जताया है तो ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस ने पूर्व क्रिकेटर युसुफ पठान को टिकट दिया है।

### बीजेपी पर लगाया गंभीर आरोप

# मोदी और शाह से कांग्रेस ने मांगा '10 सवालों' का जवाब



**एजेंसी** | बेलगावी (कर्नाटक)

कर्नाटक में एनडीए उम्मीदवार और हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े कथित अश्लील वीडियो मामले पर विवाद बढ़ता ही जा रहा है। इस बीच कांग्रेस ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से '10 सवालों' के जवाब की मांग की है।

कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी और जनता दल (सेक्युलर) के नेता 'सामूहिक दुष्कर्मी को बचा रहे हैं।' बेलगावी में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के साथ रणदीप सिंह सुरजेवाला ने एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबधित किया। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी और शाह से 10 सवालों के जवाब की मांग की है। सुरजेवाला ने यह भी दावा किया कि पीएम मोदी को 'मामले की जानकारी थी' लेकिन फिर भी उन्होंने जद (एस) के साथ गठबंधन किया।

### दुष्कर्मी को बचा रही भाजपा

सुरजेवाला ने रविवार को बेलगावी में संवाददाताओं से कहा कि दिसंबर 2023 में एक भाजपा नेता ने सभी सबूतों के साथ पीएम मोदी और अमित शाह से संपर्क किया। इस मामले में हमारा संदेश स्पष्ट और सरल है। पीएम मोदी और जद (एस) नेता एक सामूहिक दुष्कर्मी को बचा रहे हैं, जबकि प्रधानमंत्री को पता था कि उनकी पार्टी का उम्मीदवार और एक सहयोगी हजारों महिलाओं का सिलसिलेवार दुराचारी है।'

# मीडिया कोऑर्डिनेटर राधिका ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा

## बोलीं- मेरे अयोध्या जाने का हो रहा था विरोध

**एजेंसी** | नई दिल्ली

तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस की नेशनल मीडिया कोऑर्डिनेटर राधिका खेड़ा ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर ट्वीट कर लिखा कि अत्यंत पीड़ा के साथ पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्याग पत्र दे रही हूं। साथ ही अपने पद से इस्तीफा दे रही हूं। हां मैं लड़की हूं और लड़ सकती हूं। अपने और देशवासियों के न्याय के लिए मैं निरंतर लड़ती रहूंगी।

उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को तीन पेज के लिखे इस्तीफा पत्र में कहा कि आदिकाल से स्थापित सत्य है कि धर्म का साथ देने वालों का विरोध होता है। वर्तमान में प्रभु श्रीराम का नाम लेने वालों का कुछ लोग इसी तरह से विरोध कर रहे हैं।

### क्या था विवाद?

राधिका खेड़ा और प्रदेश कांग्रेस नेताओं के बीच एक मई को विवाद हुआ है। 30 अप्रैल को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की जांजगीर-चांपा जिले में चुनावी सभा हुई थी। सभा के बाद मीडिया में बयान देने को लेकर विवाद हुआ था। इस दौरान राधिका खेड़ा प्रदेश के स्थानीय नेता के साथ थीं। कांग्रेस संचार के प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला और राधिका के बीच कुछ बातों को लेकर तीखी बहस हुई। इतना ही नहीं, बात तू-तू, मैं-मैं तक आ गई। विवाद बढ़ने से राधिका खेड़ा राजीव भवन से रोते हुए बाहर निकल गईं और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ट्वीट कर अपनी व्यथा सुनाई। इस मामले में राधिका खेड़ा ने पीसीसी चीफ दीपक बैज और राष्ट्रीय नेताओं से शिकायत की थी। राधिका का एक वीडियो भी सामने आया था, जिसमें वो रोते हुए फोन पर बात करती दिख रही हैं।

### BJP में शामिल होने के बाद PM-CM की तारीफ की

# MLA निर्मला सप्रे ने 'हाथ' का साथ छोड़ 'कमल' का थामा दामन

**एजेंसी** | सागर

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी में भगदड़ मची है। देश के अलग-अलग हिस्सों से कांग्रेस पार्टी के नेता लगातार पार्टी का साथ छोड़ रहे हैं। अब मध्य प्रदेश में बीजेपी ने कांग्रेस को बड़ा झटका दिया है। सागर जिले में कांग्रेस विधायक निर्मला सप्रे ने हाथ का साथ छोड़ बीजेपी का दामन थाम लिया है। बीजेपी में शामिल होने के बाद निर्मला सप्रे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव की जमकर तारीफ भी की है।

निर्मला सप्रे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम मोहन यादव के पास विकास का एजेंडा है। मैं विकास की राह में शामिल हुई हूं। कांग्रेस के पास भविष्य का कोई एजेंडा नहीं है। उसके पास भविष्य में विकास की कोई आशा नहीं है। निर्मला सप्रे सागर जिले की बीना विधानसभा सीट से विधायक हैं। मध्य प्रदेश के सीएम डॉक्टर मोहन यादव समेत अन्य पार्टी नेताओं की मौजूदगी में निर्मला सप्रे ने बीजेपी का दामन थामा है। लोकसभा चुनाव के बीच निर्मला का बीजेपी में शामिल होना कांग्रेस के लिए बड़ा झटका भी माना जा रहा है। सागर से बीजेपी के लोकसभा उम्मीदवार लता वानखेड़े के समर्थन में सुरखी विधानसभा में के राहतगढ़ में एक चुनावी सभा का आयोजन किया गया था। इसी सभा में बीजेपी में शामिल हुईं। अपने क्षेत्र में निर्मला सप्रे का कितना प्रभाव है इस बात को इसी से समझा जा सकता है कि उन्होंने राज्य के विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी और दो बार के विधायक महेश राय को हराकर जीत हासिल की थी।



### 'कांग्रेस में महिलाओं का सम्मान नहीं'



निर्मला सप्रे मध्य प्रदेश की तीसरी ऐसी विधायक हैं जिन्होंने लोकसभा चुनाव के बीच बीजेपी में शामिल हुई हैं। उनसे पहले विजयपुर से विधायक रामिवास रावत और अमरवदा से विधायक कमलेश शाह ने भी बीजेपी का दामन थाम लिया था। बीना से विधायक निर्मला सप्रे ने कहा कि उन्हें जीतू पटवारी द्वारा एक एससी महिला पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी से वो उदास थीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में महिलाओं का सम्मान नहीं है।

### सागर जिले में इकलौती महिला विधायक

निर्मला सागर जिले की 8 विधानसभा सीटों में से इकलौती महिला विधायक हैं और कांग्रेस केवल बीना सीट को जीतने में कामयाब रही थी। निर्मला सप्रे ने भाजपा के दो बार के विधायक महेश राय को करीब 6 हजार मतों से हराया था। अब निर्मला सप्रे के बीजेपी में आने से सागर कांग्रेस मुक्त हो गई है। निर्माल सप्रे एससी वर्ग से आती है।

### वोटिंग से पहले झाड़ू छोड़ हाथी पर सवार



**दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के लिए वोटिंग से पहले हाल ही में आम आदमी पार्टी छोड़ने वाले राज कुमार आनंद BSP में शामिल हो गए। BSP में शामिल होने के बाद राज कुमार आनंद ने कहा कि ऐसा महसूस हो रहा है कि मैं अपनी पार्टी में शामिल हो गया हूं। इधर बीएसपी में उनके शामिल होने के बाद कुछ मीडिया रिपोर्ट में यह भी अटकलें लगाई जा रही हैं कि मायावती उन्हें नई दिल्ली लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी घोषित कर सकती हैं। हालांकि, अभी इसे लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हैं। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती की अगुवाई वाली बहुजन समाजवादी पार्टी में शामिल होने से पहले राजकुमार आनंद आम आदमी पार्टी के साथ थे। वे दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार में समाज कल्याण मंत्री थे। हाल ही में आम आदमी पार्टी पर कई संगीन आरोप लगाते हुए उन्होंने आप का दामन छोड़ दिया था। आप में राज कुमार आनंद की पहचान एक दलित नेता के तौर पर थी।

## जरूरी खबर

### डंपर में घुसा कंटेनर, तीन की मौत, एक घायल

**लखनऊ।** लखनऊ में बिजनौर इलाके में किसान पथ पर रविवार दोपहर पंचर के बाद खड़े डंपर में पीछे से एक तेज रफ्तार कंटेनर जा घुसा। हादसे में पंचर बना रहे डंपर और कंटेनर चालक व क्लीनर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि डंपर का खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को एपेक्स ट्रोमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। हादसे में पहले पंचर बनाने के लिए शफीक और रामसेवक ने जैक लगाकर ट्रक का अगला हिस्सा ऊपर उठाया। उसके बाद शफीक पहिया खोलने के लिए सड़क पर लेट गए। वह नट-बोल्ट खोलना शुरू ही किया था कि तभी कंटेनर आकर डंपर में घुस गया। वही पहिया उनके ऊपर चढ़ गया। इस दौरान रामसेवक भी बैठे थे। वह भी चपेट में आ गए। किसी को वक्त ही नहीं मिला कि वह बचने की कोशिश तक कर पाता।

### नहीं रहे 'टाइटैनिक' के मशहूर अभिनेता बर्नार्ड हिल



**नई दिल्ली।** हॉलीवुड से एक बुरी खबर सामने आई है। सुपरहिट फिल्म 'टाइटैनिक' से मशहूर हुए जाने-माने अभिनेता बर्नार्ड हिल का निधन हो गया है। बर्नार्ड की मौत की खबर ने उनके चाहने वालों को हैरान कर दिया है। बारबरा डिक्सन ने इस बुरी खबर को साझा किया है। बर्नार्ड हिल ने साल 1997 में रिलीज हुई 'टाइटैनिक' मूवी में कैप्टन एडवर्ड जॉन स्मिथ की भूमिका से खूब पॉपुलैरिटी हासिल की थी। बर्नार्ड के निधन की जानकारी मिलने के बाद सेलिब्रिटीज सदमे में है। फैंस भी यकीन नहीं कर पा रहे हैं कि 79 साल के बर्नार्ड अब इस दुनिया में नहीं हैं।

### अनियंत्रित लोडर टौंस नदी में गिरा, तीन की मौत

**विकासनगर।** हरिपुर कोटी इच्छाड़ी मोटर मार्ग पर एक लोडर वाहन अनियंत्रित होकर करीब सौ मीटर नीचे टौंस नदी में पलट गया। इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक जना घायल हो गया। बताया जा रहा है कि लोडर वाहन हरिपुर कोटि इच्छाड़ी मोटर मार्ग से हिमाचल की ओर जा रहा था। छिबरो पावर हाउस के समीप चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और टौंस नदी में जा गिरा। सूचना पर पुलिस व एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू शुरू किया। टीम घायल अस्पताल भिजवाया गया, जबकि तीन शवों को भी बाहर निकाला।

## रामलला के दरबार में पीएम मोदी



*अयोध्या।* लोकसभा चुनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को अयोध्या पहुंचे, जहां उन्होंने रामलला के दर्शन किए। पीएम मोदी ने राम मंदिर में भगवान रामलला के दर्शन किए और आशीर्वाद मांगा। पीएम मोदी मंदिर में करीब 15 मिनट रहे और इस दौरान मंत्रोच्चार के बीच उन्होंने पूजन और आरती भी की।

### इस्कॉन चेयरमैन गोपाल कृष्ण का निधन



**देहरादून।** इस्कॉन इंडिया के चेयरमैन संत गोपालकृष्ण गोस्वामी का रविवार को निधन हो गया। उन्होंने देहरादून के सिनर्जी अस्पताल में सुबह करीब साढ़े नौ बजे अंतिम सांस ली। संत गोपालकृष्ण गोस्वामी इस्कॉन की ओर से बनाए जा रहे बांके बिहारी मंदिर शिलान्यास कार्यक्रम में भाग लेने के लिए देहरादून आए थे। कार्यक्रम के बाद बाथरूम में फिसलने से उन्हें चोट आई थी। डॉक्टरों के मुताबिक, इससे उनके फेफड़े पंक्चर हो गए थे। वह हृदय संबंधी बीमारियों से भी ग्रसित थे। उनके पार्थिव शरीर को इस्कॉन के पदाधिकारी अपने साथ दिल्ली स्थित ईस्ट ऑफ कैलाश मंदिर ले गए हैं। 6 मई की सुबह तक पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन किए जा सकेंगे। इसके बाद संत को वृंदावन में भू-समाधि दी जाएगी।

कश्मीर को लेकर राजनाथ सिंह का बड़ा दावा...

# 'POK के लोग खुद भारत में होना चाहेंगे शामिल'



एजेंसी | नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के बीच कश्मीर को लेकर हमेशा ही तनातनी बनी रहती है। अब केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को लेकर एक बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि भारत को पीओके पर बलपूर्वक कब्जा करने की जरूरत नहीं है क्योंकि कश्मीर के विकास को देखने के बाद वहां के लोग खुद ही इसका हिस्सा बनना चाहेंगे।

उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि भारत को कुछ नहीं करना होगा। जिस तरह से जम्मू-कश्मीर में जमीनी हालात बदले हैं, जिस तरह से क्षेत्र में आर्थिक प्रगति हो रही है और जिस तरह से वहां शांति लौटी है, मुझे लगता है कि पीओके के लोग खुद ही मांग करने लगेंगे कि इसे भारत में शामिल कर दिया जाए। रक्षा मंत्री ने कहा कि हमें पीओके पर कब्जा करने के लिए बल का इस्तेमाल नहीं करना पड़ेगा। पीओके के लोग खुद ही कहेंगे कि हमें भारत में मिला दिया जाए। इस तरह की मांगें अब आ रही हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पीओके हमारा था, हमारा है और रहेगा।

#### जल्द ही होंगे विधानसभा चुनाव

जम्मू-कश्मीर में जमीनी हालात में सुधार का हवाला देते हुए सिंह ने कहा कि वहां जल्द ही विधानसभा चुनाव होंगे। हालांकि, उन्होंने कोई समय सीमा नहीं बताई। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में जिस तरह से स्थिति में सुधार हो रहा है, मुझे लगता है कि एक समय आएगा जब वहां अफस्पा (सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम) की आवश्यकता नहीं होगी। यह मेरा विचार है और इस पर गृह मंत्रालय को फैसला करना है।

रक्षा मंत्री ने पूर्वी लद्दाख गतिरोध को लेकर सरकार पर लगातार निशाना साधने के लिए कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा, वे (कांग्रेस) भारतीय सैनिकों की बहादुरी पर सवाल उठा रहे हैं। आप किसका मनोबल गिरा रहे हैं? आपका इरादा क्या है? मैं भी 1962 की बात कर सकता हूं।

रक्षा मंत्री के बयान पर फारूक अब्दुल्ला बोले...

# 'पाकिस्तान ने भी चूड़ियां नहीं पहन रखी हैं'



एजेंसी | श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने पीओके को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बयान पर रविवार को प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अगर रक्षा मंत्री ऐसा कह रहे हैं तो उन्हें करना चाहिए। ऐसा करने से कौन उन्हें रोक रहा है, लेकिन वो यह भी याद रखें कि वे (पाकिस्तान) भी चूड़ियां पहने हुए नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के पास भी एटम बम है, यह हमें याद रखना चाहिए। अफसोस इस बात का है कि वह एटम बम हमारे (जम्मू-कश्मीर) ऊपर ही गिरेगा। गौरतलब है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा था कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) का भारत में विलय होकर ही रहेगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में भारत के साथ विलय की मांग पीओके के भीतर से ही उठ सकती है, जिससे सैन्य हस्तक्षेप की जरूरत ही नहीं पड़ेगी।

उन्होंने कहा कि पीओके हमारा था, है और रहेगा। फारूक अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ में भारतीय वायुसेना के काफिले पर हुए आतंकवादी हमले और भारत-पाकिस्तान संबंधों के बारे में भी बात की। शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग कहते थे कि अनुच्छेद 370 आतंकवाद के लिए जिम्मेदार है। अब यह खत्म हो गया है, लेकिन आतंकवाद जारी है। उनका मानना है कि मुख्य समस्या भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव है। दोनों देशों को एक-दूसरे से बात करनी चाहिए और मुद्दों को सुलझाना चाहिए।

#### ईवीएम से हो सकती है छेड़छाड़...

नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए इस बात पर जोर दिया कि मतदान के दिन हर व्यक्ति को सतर्क रहना चाहिए क्योंकि निहित स्वार्थ वाले लोग वोटिंग मशीनों (ईवीएम) से छेड़छाड़ करने की कोशिश कर सकते हैं। इसलिए, सभी को सही तरीके से और ध्यान से मतदान करना चाहिए।

प्रज्वल रेवन्ना पर SIT ने कसा शिकंजा

# ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी इंटरपोल से मदद मांगी

■ पीड़िताओं के लिए हेल्पलाइन नंबर शुरू



एजेंसी | बेंगलुरु


कर्नाटक की विशेष जांच टीम हासन के सांसद प्रज्वल रेवन्ना को पकड़ने की कोशिश तेजी कर दी है। प्रज्वल रेवन्ना के पिता विधायक एचडी रेवन्ना की गिरफ्तारी के बाद अब इंटरपोल ने उसके खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया गया है। प्रज्वल रेवन्ना यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे हैं। इस मामले के बाद वह विदेश में हैं। एसआईटी ने प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े यौन दुराचार के मामलों की रिपोर्ट करने के लिए महिलाओं के लिए एक हेल्पलाइन नंबर (6360-938947) जारी किया है।

इंटरपोल से सहायता मांगते हुए कर्नाटक के गृह मंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने प्रज्वल रेवन्ना का पता लगाने के लिए रविवार को ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया। इंटरनेशनल पुलिस कॉर्पोरेशन बॉडी द्वारा जारी इस नोटिस का मकसद सदस्य देशों किसी भी फरार आरोपी की पहचान, ठिकाने या कथित अपराध से संबंधित गतिविधियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी इकट्ठा करना है। मंत्री परमेश्वर ने पुष्टि की कि इंटरपोल आरोपी सांसद का पता लगाने के लिए विभिन्न देशों के साथ सहयोग करेगा।

#### रेवन्ना को 8 मई तक SIT हिरासत

महिला अपहरण मामले में कोर्ट ने जेडीएस विधायक एचडी रेवन्ना को चार दिनों की एसआईटी हिरासत में भेज दिया है। पीपुल्स कोर्ट में जमानत अर्जी खारिज होने के बाद शनिवार को एसआईटी अधिकारियों ने एचडी रेवन्ना को हिरासत में ले लिया था। रेवन्ना को पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पद्मनाभनगर स्थित आवास से गिरफ्तार किया गया था। बाद में रेवन्ना से एसआईटी दफ्तर में पूछताछ की गई। रविवार को उन्हें जज के सामने पेश किया गया, जहां से हिरासत में भेज दिया गया।

#### क्या है ब्लू कॉर्नर नोटिस?




किसी अपराध के संबंध में किसी व्यक्ति की पहचान, स्थान या गतिविधियों के बारे में अपने सदस्य देशों से अतिरिक्त जानकारी एकत्र करने के लिए अंतरराष्ट्रीय पुलिस सहयोग निकाय द्वारा ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया जाता है। इंटरपोल की ओर से ब्लू कॉर्नर नोटिस की तर्ज पर कुल सात तरह के नोटिस जारी किए जाते हैं। इंटरपोल की ओर से रेड कॉर्नर नोटिस, येलो नोटिस, ब्लैक कॉर्नर नोटिस, ग्रीन कॉर्नर नोटिस, ऑरेंज नोटिस और पर्पल नोटिस भी जारी किए जाते हैं।

मुंबई हमले पर बोले कांग्रेस नेता

# 'करकरे का निधन कसाब की नहीं, RSS के वफादार अफसर की गोली हुआ'

■ भाजपा प्रत्याशी उज्ज्वल निकम को दिया देशद्रोही करार

एजेंसी | मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार के एक बयान से सियासी विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि मुंबई में हुए 26/11 के आतंकी हमले में एटीएस के पूर्व प्रमुख हेमंत करकरे की मौत आतंकी अजमल कसाब की गोली से नहीं, बल्कि आरएसएस के वफादार पुलिस अधिकारी की गोली से हुई थी। वडेट्टीवार ने इस मामले की पैरवी करने वाले अधिवक्ता और उत्तर-मध्य मुंबई से भाजपा प्रत्याशी उज्ज्वल निकम को देशद्रोही करार दिया।



विजय वडेट्टीवार ने दावा किया कि निकम ने आरोपी पुलिस अधिकारी को बचाने लिए सबूतों को छुपाया। निकम वकील नहीं, देशद्रोही हैं। उन्होंने कहा कि 'मेरा सवाल है कि भाजपा एक गद्दार को क्यों बचा रही है और ऐसे व्यक्ति को लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी क्यों बनाया।' कांग्रेस नेता के विवादित बयान पर रविवार को नागपुर में वडेट्टीवार के आवास पर भाजपा युवा मोर्चा ने जोरदार प्रदर्शन किया।

#### विवाद ने तूल पकड़ा तो दी सफाई

जब इस मामले ने तूल पकड़ा तो वडेट्टीवार ने अपने बयान पर सफाई दी। उन्होंने कोल्हापुर में कहा कि यह मेरे शब्द नहीं हैं, मैंने सिर्फ वही कहा जो एसएम मुश्रीफ की किताब में लिखा था। एसएम मुश्रीफ महाराष्ट्र के पूर्व वरिष्ठ पुलिस अधिकारी थे। 2018 में बॉम्बे हाईकोर्ट ने करकरे की मौत पर संदेह जताने वाली उस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें दावा किया गया था कि हेमंत करकरे को आतंकी अजमल कसाब और अबू इस्माइल ने गोली नहीं मारी थी।

#### 26/11 को मुंबई में 10 आतंकियों ने घात लगाकर किया था हमला

भाजपा ने उत्तर-मध्य मुंबई लोकसभा सीट से उज्ज्वल निकम को उम्मीदवार बनाया है, जबकि कांग्रेस से वर्षा गायकवाड प्रत्याशी हैं। 26 नवंबर, 2008 को जब आर्थिक राजधानी मुंबई में 10 आतंकवादियों ने घात लगाकर हमला किया था। पुलिस और सुरक्षाबलों ने नौ आतंकियों को मार गिराया था, जबकि एकमात्र आतंकी अजमल कसाब को जिंदा पकड़ लिया गया था। इस आतंकी हमले में 166 लोग मारे गए थे, जबकि सैकड़ों लोग घायल हुए थे। आतंकी कसाब को छह मई, 2010 को विशेष अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी।

#### कसाब समर्थक है कांग्रेस: फडणवीस

विजय वडेट्टीवार के इस बयान पर उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पलटवार किया है। उन्होंने कांग्रेस नेता के आरोप को निराधार और गैर जिम्मेदाराना बताते हुए कहा कि कांग्रेस कसाब समर्थक है। पाकिस्तान की भाषा बोलने पर कांग्रेस को जनता सबक सिखाएंगी। वहीं, उज्ज्वल निकम ने कहा कि मेरी उम्मीदवारी से कांग्रेस में घबराहट है।

जिनेन्द्र पूजा: चालों शांतिनाथ के दरबार में गूंजे शांतिनाथ के जयकारे

# बाजे कुण्डलपुर में बधाई कि नगरी में वीर जन्मे...पर झूम उठे श्रद्धालु

## मंगल कलश स्थापित कर शांति विधान पूजा

बेधड़क | जयपुर

जैन सोश्यल ग्रुप मेट्रो जयपुर के तत्वावधान में रविवार को भक्तिमय जिनेन्द्र पूजा चालों शांतिनाथ के दरबार में धार्मिक आयोजन किया गया। इस मौके पर आयोजित संगीतमय श्री शांतिनाथ महामंडल विधान पूजा में दंपती सदस्यों सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग शामिल हुए।

संस्थापक अध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र शांतिनाथ जी की खोह में आयोजित कार्यक्रम में पूजा के दौरान भगवान शांतिनाथ के जयकारों से मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। इससे पूर्व श्रीजी के अभिषेक के बाद विश्व में सुख समृद्धि और शांति एवं खुशहाली की कामना करते हुए शांतिधारा की गई। भगवान शांतिनाथ की प्रतिमा के समक्ष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मंगल कलश स्थापित कर दोपहर 12:15 बजे से संगीतमय शांतिविधान पूजा का शुभारंभ किया गया।







## संगीत के साथ भक्ति मय प्रस्तुति

गायक नवीन जैन एंड पार्टी द्वारा संगीत के साथ भक्तिमय प्रस्तुति दी गई। पूजन के दौरान सौधर्म इन्द्र सचिन-कल्पना जैन कामां वाले, कुबेर इन्द्र कमल-मंजू वैद, महायज्ञ नायक मनोज-सीमा सोगानी पहाड़ी वाले एवं ईशान इन्द्र आशीष-मोनिका वैद सिरोली वाले एवं संस्थापक अध्यक्ष विनोद-दीपिका जैन कोटखावदा, अध्यक्ष चेतन-मीनू जैन निमोडिया के नेतृत्व में सभी इन्द्र -इन्द्राणियों द्वारा केसरिया केसरिया आज हमारो रंग केसरिया..., चालों शांतिनाथ के द्वारे..., जब से प्रभू दर्श मिला...., बाजे कुण्डलपुर में बधाई कि नगरी में वीर जन्मे... पर भक्ति नृत्य किए गए। मंडल पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वलय में मंत्रोच्चार से अष्ट द्रव्य के 8,16,32 एवं 64 अर्घ्य चढ़ाए गए। अंत में शांतिनाथ भगवान की आरती एवं समुच्चय महाअर्घ्य के साथ पूजा का समापन हुआ।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

सचिव आशीष जैन ने बताया कि कार्यक्रम में भाजपा शहर पूर्व अध्यक्ष संजय जैन, अशोक पाण्डया, भारतभूषण जैन, पूर्व अध्यक्ष मनीष बैद, दीपक गोधा, सहित बड़ी संख्या में ग्रुप के दंपती सदस्य, नार्दन रीजन के पदाधिकारी एवं समाज के प्रबुद्ध जन शामिल हुए। उन्होंने बताया कि कमल-मंजू वैद ने मुख्य संयोजक, राजेन्द्र-विमला छाबड़ा, प्रदीप-रानू जैन ने संयोजक के रूप में अपनी सहभागिता निभाई। मंच संचालन विनोद जैन कोटखावदा एवं चेतन जैन निमोडिया ने किया। सचिव आशीष जैन ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### अतिथियों का किया सम्मान

अध्यक्ष चेतन जैन निमोड़िया ने बताया कि इस मौके पर समाजसेवी लाल चन्द कठमाणा वाले मुख्य अतिथि, मनोज सोगानी पहाड़ी वाले दीप प्रज्ववलनकर्ता, मोहित राणा, नितिन जैन बनेठा, राजीव लाखना विशिष्ट अतिथि तथा सासंद राम चरण बोहरा, सासंद प्रत्याशी मंजू शर्मा गौरवमयी अतिथि थे। जैन सोश्यल ग्रुप मेट्रो की ओर से सभी अतिथियों का तिलक, माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर विनोद जैन कोटखावदा, चेतन जैन निमोडिया, कमल वैद, दीपक गोधा, सुशील जैन,आशीष जैन, पंकज जैन, अरुण जैन, नरेश बाकलीवाल, मुकेश पाटनी, दीपिका जैन कोटखावदा, मीनू जैन, शालू बाकलीवाल, नेहा जैन, दीपा गोधा, रेखा पाटनी आदि ने स्वागत एवं सम्मान किया गया।

ग्रेट इंडियन ट्रैवल बाजार

# भारत कुछ महीनों की नहीं पूरे साल घूमने की जगह



बेधड़क. जयपुर। 'भारत एक ऐसा गंतव्य है, जहां साल में कुछ महीनों के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे 365 दिन भी घूमा जा सकता है। 42 यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों और 3700 संरक्षित स्मारकों के साथ, यहां विभिन्न प्रकार की पेशकशें और संस्कृति और पाक व्यंजनों की एक विशाल शृंखला है, जिसका अनुभव कोई भी कर सकता है।

'वेड इन इंडिया' पहल के साथ, अब कोई भी विवाह से जुड़ी की संस्कृति का अनुभव ले सकता है।' यह बात भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय की महानिदेशक आईएएस मनीषा सक्सेना ने रविवार को जय महल पैलेस में ग्रेट इंडियन ट्रैवल बाजार के 13वें संस्करण के उद्घाटन समारोह में कही।

ग्रेट इंडियन ट्रैवल बाजार का आयोजन 5 से 7 मई तक किया जा रहा है। इस अंतरराष्ट्रीय मार्ट का आयोजन पर्यटन विभाग, राजस्थान सरकार और फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। इस आयोजन को होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (एचआरएआर), इंडियन हेरिटेज होटल्स एसोसिएशन (आईएचएचए.) और राजस्थान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (राटो) का भी सहयोग प्राप्त है। इस अवसर पर पर्यटन विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि राजस्थान ने हाल ही में पर्यटन रैंकिंग में सातवां स्थान हासिल किया है।

इस मौके पर फिक्की टूरिज्म एंड कल्चरल कमेटी के चेयरमैन दीपक देवा ने स्वागत भाषण दिया। फिक्की की पूर्व प्रेसिडेंट और ललित सूरी हॉस्पिटेलिटी ग्रुप की सीएमडी, डॉ. ज्योत्सना सूरी, फिक्की के महासचिव एसके पाठक ने स्वच्छता की आवश्यकता पर जोर दिया। धन्यवाद ज्ञापन पर्यटन विभाग की निदेशक डॉ. रश्मि शर्मा ने किया।

## City इवेंट्स

### जीकेप की ई पत्रिका लॉन्च




बेधड़क. जयपुर। विकास अध्ययन संस्थान झालाना में गुर्जर कर्मचारी अधिकारी कल्याण परिषद की प्रदेश स्तरीय बैठक समपन्न हुई। बैठक में संस्था की ई पत्रिका का विमोचन पीएस वर्मा, पूर्व अध्यक्ष माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने किया। साथ ही बैठक में सरकार द्वारा बी-2 बाईपास पर आवंटित 906.7 वर्ग मीटर भूमि पर जीकेप भवन बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा भी हुई। जीकेप भवन बनाने के लिए करौली और दौसा जिले के प्रतिनिधियों ने दो-दो करोड़ देने की भी घोषणा की है। साथ ही जिला अध्यक्ष और संभाग प्रभारी की ओर से 8 लाख की सहयोग राशि भी प्राप्त हुई। वहीं, बैठक में प्रत्येक जिले के सहयोग की समीक्षा करके लक्ष्य निर्धारित भी किया गया है। संस्था के मुख्य संरक्षक गौरव बजाड़, आरके गुर्जर, ब्रह्म सिंह गुर्जर, संस्थापक रामफूल गुर्जर, पूर्व प्रोफेसर पीएस वर्मा, राजेंद्र सिंह तंवर, सज्जन पोसवाल, कुलदीप महुआ, हंसराज गुर्जर, जगदीश चेची, दीपक खटाना, प्रो. डॉ. रश्मि गुर्जर, के एल सिराधना, मोहनलाल वर्मा, डॉ. रूप सिंह भिवाड़ी, शैतान सिंह, छीतरलाल कसाना, भंवर लाल गुर्जर, ललित गुर्जर, रामेश्वर प्रसाद गुर्जर सहित गुर्जर कर्मचारी अधिकारी कल्याण परिषद के कई अधिकारियों कर्मचारी मौजूद रहे।

### एएसएल-रॉयल क्लब बराबरी पर रहे



बेधड़क. जयपुर। रॉयल क्लब जयपुर में राजस्थान फुटबॉल लीग के 72 मैचों में (57 मैच नम्बर) खेला गया, जिसमें दोनों टीमों ने अच्छा प्रदर्शन किया। मैच एएसएल फुटबॉल क्लब व रॉयल फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया, जिसमें दोनों ही टीमों ने शानदार आक्रमण किए। मैच में 6 शानदार गोल देखने को मिले। गोल रॉयल क्लब के मेहुल, सूफियान, अमरीत तथा एएसएल के सौरभ शर्मा और सूरज ने किए। मैच में मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर जितेन्द्र सिंह शेखावत व गौरव परमार तथा राजस्थान फुटबाल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत रहे। मैच 58 सोमवार को दोपहर 3:30 बजे खेला जाएगा।

'व्यापार टू सीईओ रिट्रीट- 4.0' कॉन्फ्रेंस

# समय पर लिया गया व्यावसायिक निर्णय निर्धारित करता है सक्सेस



बेधड़क | जयपुर

बिजनेस में निरंतरता से सफलता अर्जित की जा सकती है। इसके लिए आपको टाइम मैनेजमेंट करना जरूरी है। समय पर लिया गया व्यावसायिक निर्णय आपकी सफलता को निर्धारित करता है। देशभर के 400 से अधिक बिज़नेसमैन को कुछ ऐसे ही गुर सिखाएं बिजनेस एंड लीडरशिप कोच सीए राहुल मालोदिया ने। दिल्ली रोड स्थित ताज आमेर होटल में रविवार को चार दिवसीय 'व्यापारी टू सीईओ रिट्रीट - 4.0' कॉन्फ्रेंस का समापन हुआ। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने मार्केटिंग, सेल्स, ब्रांडिंग, आईपीओ, शेयर बाजार, टीम प्रबंधन और व्यवसायों को बढ़ाने पर अमूल्य रणनीतियां साझा की।

इंटरैक्टिव सेशन के दौरान राहुल मालोदिया ने दुनिया की शीर्ष 30 कंपनियों पर शोध से अंतर्दृष्टि प्राप्त करते हुए निर्णय लेने की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने व्यवसाय वृद्धि हासिल करने में समय पर निर्णयों के महत्व पर प्रकाश डाला और बदलाव के लिए तैयार रहने के महत्व पर जोर दिया। पूरे रिट्रीट के दौरान उपस्थित लोगों को समय प्रबंधन और कर्मचारी जुड़ाव जैसी उनकी सबसे महत्वपूर्ण चिंताओं को संबोधित करने के लिए प्रश्नोत्तर सत्र में शामिल होने का अवसर मिला।

नेटवर्क, मार्केटिंग, सेल्स, फाइनेंस और आर्थिक गतिशीलता को समझने पर मालोदिया के सत्रों ने उद्यमशीलता उत्कृष्टता के लिए एक व्यापक रोडमैप प्रदान किया।

हैप्पीनेस की अर्थशास्त्र पर एक विचार-प्रेरक सत्र

# सार्वजनिक नीति में 'हैप्पीनेस वेलबिंग' को प्राथमिकता दें




बेधड़क | जयपुर

रोटरी क्लब जयपुर मिडटाउन ने 'हैप्पीनेस की अर्थशास्त्र पर एक विचार-प्रेरक' सत्र आयोजित किया। इसमें विशिष्ट अर्थशास्त्र और अंतरराष्ट्रीय अनुसंधानकर्ता व जयपुरिया इंस्टीटयूट ऑफ मेनेजमेंट, जयपुर के डायरेक्टर डॉ. प्रभात पंकज ने अर्थशास्त्र, वेलबिंग और सार्वजनिक नीति के अन्वेषण के लिए उत्सुकता जताई।

डॉ. प्रभात पंकज ने सामाजिक जीवन में जटिल गतिविधियों और सार्वजनिक नीति के लिए उनके प्रभावों के साथ वैश्विक दर्शकों को मोहित किया। इस दौरान उन्होंने सार्वजनिक नीति में एक परिदिग्म परिवर्तन की आवश्यकता को महत्वपूर्ण मापदंडों के साथ सुनिश्चित करने की जरूरत पर जोर दिया। प्रभात पंकज ने कहा सबसे महत्वपूर्ण ये है कि हैप्पीनेस के लिए धन पर्याप्त नहीं है। यह आवश्यक है, लेकिन पर्याप्त शर्त नहीं है। दूसरा, हैप्पीनेस मापने योग्य है और हैप्पीनेस को मजबूत करने के लिए एक सुविज्ञ नीति बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा- तीसरा, 'हैप्पीनेस और वेलबिंग' सीखी जा सकती है, इसके लिए हम 'हैप्पीनेस और वेलबिंग' में आगे बढ़ने का सही रास्ता खोजने के लिए न्यूरोसाइंस और सकारात्मक मनोविज्ञान से आने वाले पश्चिमी विज्ञान को आयुर्वेद और माइंडफुलनेस के पूर्वी ज्ञान के साथ संयोजित करने में लगे हैं। कार्यक्रम में रोटरी क्लब जयपुर मिडटाउन के अध्यक्ष अरुण पालवट और सचिव ऋषभ रानीवाला भी मौजूद रहे।

'जयपुर आर्ट फेयर' हैंडीक्राफ्ट और हैंडलूम कलाकारों की रचनात्मकता के साथ समापन

# राजस्थान की विरासत और संस्कृति की सुंदर प्रस्तुति

बेधड़क | जयपुर

हैंडीक्राफ्ट और हैंडलूम के लगभग 88 कलाकारों ने अपनी कला और रचनात्मकता प्रदर्शित की, वहीं राजस्थान की जीवंत विरासत और संस्कृति की सुंदर प्रस्तुति देखने को मिली। कार्यक्रम था फिक्की लेडीज ऑर्गेनाइजेशन (फ्लो) जयपुर चैप्टर द्वारा राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में आयोजित दो दिवसीय 'जयपुर आर्ट फेयर, जिसका रविवार को पुरस्कार समारोह के साथ समापन हुआ। 'रंग दे जयपुर' थीम पर आयोजित इस कला उत्सव में करीब 15 राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता आर्टीजंस भी शामिल थे। पुरस्कार समारोह में विजेता प्रतिभागियों और पुरस्कार विजेता आर्टीजंस को सम्मानित किया गया।

फिक्की फ्लो जयपुर की चेयरपर्सन और चीर सागर एक्सपोर्ट्स की निदेशक, रघुश्री पोद्दार ने कहा कि इस दो दिवसीय फेयर के दौरान हैंडब्लॉक प्रिंट्स, मीनाकारी, जेमस्टोन कार्विंग, ब्लू पॉटरी, तारकाशी, वुड कार्विंग, फड़ पेंटिंग, लघु चित्रकला, कोफ्तगिरी सहित विभिन्न शैलियों का आर्टवर्क प्रस्तुत किया गया।



### महिला सशक्तिकरण को किया साकार

'जयपुर आर्ट फेयर' के तहत आर्टिस्ट अशोक यू शाह की ओर से पोर्ट्रेट एग्जीबिशन लगाई गई। इसमें उन्होंने स्वयं के बनाए 25 से अधिक सफल महिलाओं के पोर्ट्रेट प्रदर्शित किए, जिनके जरिए वुमन एम्पावरमेंट को साकार किया। राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष ममता शर्मा ने इस एग्जीबिशन का उद्घाटन किया। एग्जीबिशन में शाह ने नीता अंबानी, किरण मजूमदार शाह, गीता गोपीनाथ, नताशा पूनावाला, प्रीति अडाणी, वंदना लूथरा व ईशा अंबानी जैसी प्रख्यात महिलाओं के पोर्ट्रेट प्रदर्शित किए।

### पुरस्कार विजेता कलाकारों को मिला मंच

'जयपुर आर्ट फेयर' में राज्य के कई प्रख्यात कलाकारों को उनकी कला को प्रदर्शित करने का मंच प्रदान किया गया। इनमें से एक राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कलाकार विनोद जांगिड़ ने अपनी वुड मिनिएचर कार्विंग आर्ट को प्रदर्शित किया। उन्होंने शिव दरबा, सितार, पंखी सहित अन्य कृतियां भी प्रदर्शित की। प्रसिद्ध मिनिएचर आर्टिस्ट रामू रामदेव द्वारा यहां तीन पेंटिंग्स प्रदर्शित की गई। इनमें भगवान गणेश के साथ नौ ग्रह व 27 नक्षत्र की पेंटिंग के साथ गोल्ड और रूबी एमरल्ड से बनाई रामलला पेंटिंग शामिल थी।

### टॉक शो में साझा किए विचार

फेयर में 'द पावर ऑफ आर्ट फॉर होलिस्टिक डवलपमेंट' पर आयोजित सेशन में जस्लीन ने चर्चा की। दूसरा टॉक शो 'रेस्टोरिंग आर्ट एंड आर्किटेक्चर' विषय पर आयोजित हुआ। सेशन में शालिनी गहलोत, राघव धूत, शांतनु गर्ग और सिमरन कौर अपने विचार साझा किए। वहीं, तीसरे टॉक शो 'टॉक विद एंटरप्रेन्योर अंडर घूंघट' में शकुंतला धूत, जयश्री पेरीवाल, सुनीता शेखावत, लीला बोर्डिया और अरुणा सिंह ने चर्चा की।



यदि आप जरूरतमंद व्यक्ति बन सकते हैं और कोई इच्छा नहीं रखते हैं, तो आप पहले से ही रास्ते पर हैं और स्वर्ग दूर नहीं है।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

**गाजा युद्ध: इजराइल से जंग रोकने के लिए तैयार हुआ हमास**

# अमेरिका से कर रहा वार्ता... मांग ली बड़ी गारंटी

**एजेंसी** | तेल अवीव

इजराइल और हमास के बीच युद्ध पिछले छह महीने से भी ज्यादा समय से जारी है, लेकिन इस बीच दोनों में बातचीत चल रही है। हमास ने कहा है कि वह किसी भी सीजफायर डील के लिए तैयार है, लेकिन यह तब संभव होगा जब उसे अमेरिका से इस बात की गारंटी मिलेगी कि सीजफायर के बाद इजराइली फोर्स रफाह में हमला नहीं करेंगे। हमास के प्रवक्ता ओसामा हमदान ने अल जजीरा से बातचीत में कहा, 'हम अभी भी मुख्य मुद्दों के बारे में बात कर रहे हैं। जो पूर्ण युद्धविराम और गाजा से इजरायल की पूरी तरह वापसी है।'

उन्होंने आगे कहा, 'दुर्भाग्य से नेतन्याहू की ओर से स्पष्ट बयान आया था, जिसमें कहा गया कि चाहे कोई युद्धविराम हो या न हो, वह राफा के खिलाफ हमला जारी रखेंगे, जिसका मतलब है कि कोई युद्धविराम नहीं होगा।' उन्होंने कहा कि संघर्ष विराम हासिल करने की हमारी समझ का मतलब है कि राफा समेत गाजा में कहीं भी कोई और हमला नहीं होगा। गाजा में युद्धविराम से जुड़ी बातचीत अब फिर शुरू हो सकती है। ब्रिटेन की ओर से जारी विवरण के मुताबिक वार्ताकारों ने लड़ाई को 40 दिनों तक रोकने और फिलिस्तीनी कैदियों की अदला-बदली का प्रस्ताव रखा है।

## इजराइल को मनाना बाइडेन के लिए बड़ी चुनौती

**इजराइल और हमास के बीच लंबे समय से संघर्ष चल रहा है**

**इस बीच हमास ने कहा कि वह सीजफायर के लिए तैयार है**

**हालांकि इसके लिए उसने अमेरिका के सामने बड़ी शर्त रखी है**



### उत्तरी गाजा में अकाल के हालात विकट

संयुक्त राष्ट्र (संरा) की एक शीर्ष अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि इजराइल और हमास के बीच युद्ध को छह महीने से ज्यादा वक्त बीत जाने और फलस्तीनी क्षेत्र में खाद्य आपूर्ति पर इजराइल द्वारा कड़े प्रतिबंध लगाये जाने के कारण संकटग्रस्त उत्तरी गाजा में अकाल अब अपने चरम पर पहुंच गया है। संरा विश्व खाद्य कार्यक्रम की अमेरिकी निदेशक सिंडी मैक्केन अब तक की पहली ऐसी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय अधिकारी हैं, जिन्होंने उत्तरी गाजा में फंसे नागरिकों के अकाल से जूझने की पुष्टि की है।

### मारा गया वेस्ट बैंक का कमांडर

गाजा पट्टी पर नियंत्रण रखने वाली आतंकी संगठन हमास ने रविवार को बताया कि इजराइली रेड में उनका वेस्ट बैंक का कमांडर मारा गया है। मारे गए आतंकी की पहचान अला श्रेइते के रूप में की गई है। वह हमास की अल कासिम ब्रिगेट का वेस्ट बैंक कमांडर था। श्रेइते इससे पहले साल 2002 और 2016 के बीच इजराइल की जेल में बंद रह चुका है। फिलिस्तीन के वेस्ट बैंक वाले हिस्से में की गई इजरायल की रेड में चार अन्य आतंकी भी मारे गए हैं। इज़रायली सेना ने कहा कि ऑपरेशन में विशेष पुलिस इकाई का एक अधिकारी भी घायल हुआ है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।





**5 साल में पहली बार यूरोप दौरे पर शी जिनपिंग**

# खुश नहीं मेजबान देश

**एजेंसी** | लंदन/बीजिंग

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग पांच साल बाद रविवार को यूरोप दौरे पर रवाना हुए। उनके इस दौरे की चर्चा खूब हो रही है, लेकिन मेजबान देशों को छोड़कर। यही शी जिनपिंग, जब 2019 में राजकीय यात्रा के लिए इटली पहुंचे थे तब उनका भव्य स्वागत किया गया था। इस दौरान उन्होंने रोमन स्थलों की निजी यात्राएं की और ओपेरा गायक एंड्रिया बोसेली ने जिनपिंग के सम्मान में रात्रि भोज का आयोजन किया। यह वही दौरा था, जब इटली ने शी के महत्वकांक्षी बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (BRI) में शामिल होने का ऐलान किया था। हालांकि, इटली अब बीआरआई से खुद को अलग कर चुका है।



### चीन को लेकर यूरोप में नाराजगी

घटना के पांच साल बाद शी जिनपिंग एक बार फिर यूरोप के दौरे पर हैं, लेकिन इस बार माहौल बिल्कुल अलग है। पूरे महाद्वीप में चीन के बारे में विचार नाटकीय रूप से बदल गए हैं। जिनपिंग छह दिनों के यूरोप दौरे के पहले चरण में फ्रांस पहुंचेंगे। यूरोपीय संघ ने चीन की पवन टर्बाइन और चिकित्सा उपकरणों की खरीद की जांच शुरू की है। उन्होंने व्यापार सब्सिडी की जांच के हिस्से के रूप में चीनी सुरक्षा उपकरण निर्माता न्युटेक के कार्यालयों पर छापा मारा है। हाल के दिनों में जर्मनी और यूनाइटेड किंगडम ने भी कथित जासूसी और चीन से जुड़े अपराधों के लिए कम से कम छह लोगों को गिरफ्तार किया या उन पर आरोप लगाए।

### इटली ने चीन को दिया बड़ा झटका

मार्च में, चीन और उसके नेता को बड़ा झटका तब लगा जब इटली औपचारिक रूप से बेल्ट एंड रोड से बाहर हो गया। इटली G7 का एकमात्र ऐसा सदस्य देश था, जिसने बीआरआई पर हस्ताक्षर किया था। इनके पीछे बढ़ती आर्थिक शिकायतें हैं, जिसके कारण यूरोपीय संघ चीन के साथ संभावित बड़े व्यापार टकराव की तैयारी कर रहा है। इसके साथ ही बीजिंग की वैश्विक महत्वाकांक्षाओं और प्रभाव के बारे में बढ़ते संदेह, चीन के रूस के साथ गहरे होते संबंधों ने यूरोप की चिंता को कई गुना बढ़ा दिया है।

**चीन का चांद के लिए चांग ई 6 मिशन लॉन्च**

# मिशन बढ़ा रहा है अमेरिका की टेंशन

**एजेंसी** | बीजिंग

अंतरिक्ष में अब अमेरिका की रूस ने नहीं, बल्कि चीन से स्पर्धा बढ़ रही है। दोनों एक दूसरे से आगे निकलने में लगे हैं। चीन जैसे-जैसे अपने पड़ोसियों के साथ तनाव बढ़ा रहा है, वैसे-वैसे उसके अंतरिक्ष में बढ़ते कदम भी चिंता बढ़ा रहे हैं। चीन ने अपनी महत्वाकांक्षाओं को कभी रहस्य नहीं रहने दिया है। इसी बीच शुक्रवार को चीन ने चंद्रमा के सुदूर हिस्से के लिए मिशन लॉन्च किया। इस मिशन के तहत चीन का लक्ष्य पहली बार सुदूर हिस्से से धरती पर चट्टान लाना है। चांद का सुदूर हिस्सा कभी भी हमें पृथ्वी से नहीं दिखता। इसके अलावा हाल ही में चीन ने तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन के लिए नए क्रू को लॉन्च किया है। इसके अलावा चीन ने अंतरिक्ष में एक मछली भी भेजी है, लेकिन स्पेस में मछली भेजना और चांद की मिट्टी धरती पर लाना ही चीन का लक्ष्य नहीं।

## चांद की मिट्टी नहीं है जिनपिंग का असली लक्ष्य



### यूएसए जता चुका है चिंता

चीन के लगातार अंतरिक्ष में बढ़ रहे कदम पर अमेरिका चिंता जता चुका है। पिछले सप्ताह नासा के प्रमुख बिल नेल्सन ने कहा था कि अमेरिका और चीन वास्तव में चंद्रमा पर वापस जाने की दौड़ में हैं और उन्हें डर है कि चीन चांद पर क्षेत्रीय दावे करना चाहता है। उन्होंने अमेरिकी नेताओं से कहा कि वह मानते हैं कि चीन के ज्यादातर तथाकथित नागरिक अंतरिक्ष कार्यक्रम एक सैन्य कार्यक्रम हैं। स्पेस में सैटेलाइट को तबाह करने वाले हथियारों का निर्माण भी चिंता बढ़ाने वाला है।

### क्या चाहता है चीन

टोक्यो विश्वविद्यालय में ग्रेजुएट स्कूल ऑफ पब्लिक पॉलिसी के प्रोफेसर काजुटो सुजुकी का कहना है कि अमेरिका और चीन स्पेस रेस में हैं। हालांकि, इस बार की रेस शीत युद्ध के समय जैसी नहीं है, जहां सोवियत और अमेरिका में इस बात की लड़ाई थी कि कौन पहले चांद पर जाएगा। इस बार लड़ाई चांद पर पानी जैसे संसाधनों को खोजना और उन पर कंट्रोल करना है। उन्होंने आगे बताया कि यह रेस इस बारे में है कि किसके पास बेहतर टेक्नोलॉजी हैं। चीन तेजी से इसपर पकड़ बना रहा है। चीन के टेक्नोलॉजी का विकास अमेरिका के लिए खतरा है।

**रासायनिक गैस का प्रयोग: रूस ने झोंका खतरनाक हथियार!**

# अमेरिका आग बबूला... फ्रांस भी भड़का

**एजेंसी** | वाशिंगटन

दो साल से ज्यादा समय से चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध ने अब नया रुख ले लिया है। रूस पर यूक्रेनी सैनिकों पर रासायनिक गैस का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया गया है। रूस की इस हरकत से अमेरिका और फ्रांस बौखला उठे हैं। अमेरिका इस संबंध में मॉस्को को बातचीत की मेज पर लाना चाह रहा है। अमेरिका का दावा है कि युद्ध के मैदान में रूस क्लोरोपिक्रिन का इस्तेमाल कर रहा है। आरोप है कि रूस नाइट्रोक्लोरोफॉर्म का भी उपयोग कर रहा है जिसका उपयोग आंसू गैस के रूप में किया जाता है।



नाइट्रोक्लोरोफॉर्म को 'दंगा नियंत्रण एजेंट' भी कहा जाता है। इस गैस का उपयोग विभिन्न देशों में अवैध जमावड़ों को तितर-बितर करने के लिए किया जाता है। यह गैस आंखों से लगातार पानी आना, आंखों में जलन, त्वचा पर चकत्ते जैसे लक्षण पैदा करती है। हालांकि, अगर इस गैस का अधिक मात्रा में उपयोग किया जाए तो यह फेफड़ों को नुकसान पहुंचा सकती है।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार

सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl